# JUNE 2025 (QUIZ-HINDI)







## MONTHLY CURRENT AFFAIRS MAGAZINE











# Todaysprint.com

**1. हर शिखर तिरंगा अभियान का समापन किस पर्वत पर सफल आरोहण के साथ हुआ ?**

A - एवरेस्ट
B - कंचनजंगा
C - नंदा देवी
D - माउंट ब्लैकं

"हर शिखर तिरंगा" अभियान NIMAS द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय पर्वतारोहण मिशन है, जिसमे भारत के 28 राज्यों की सबसे ऊँची चोटियों पर तिरंगा फहराया गया। इस अभियान का नेतृत्व कर्नल रणवीर सिंह जामवाल ने किया। लगभग 30,000 किलोमीटर की यात्रा के बाद मिशन की समाप्ति कंचनजंगा की सफल चढ़ाई के साथ हुई।



**2. NBS योजना किस विभाग द्वारा संचालित है ?**

A - कृषि एवं सहकारिता विभाग
B - वित्त मंत्रालय
C - खाद्य मंत्रालय
D - पर्यावरण मंत्रालय

राष्ट्रीय पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (NBS) योजना का उद्देश्य किसानों को उर्वरकों के पोषक तत्वों (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर) के आधार पर रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराना है ताकि मिट्टी मे पोषक तत्व संतुलित रहे और कृषि उत्पादकता बढ़े। 2010 मे शुरू हुई यह योजना सब्सिडी को मात्रा के बजाय पोषक तत्वों के आधार पर देती है




**3. बैटरी आधार परियोजना का शुभारंभ कहाँ हुआ ?**

A - मुंबई
B - नई दिल्ली
C - कोलकाता
D - बेंगलुरु

बैटरी आधार परियोजना का शुभारंभ 28 मई 2025 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली मे किया। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों मे पारदर्शिता, सुरक्षा और ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित करना है। प्रत्येक बैटरी को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान दी जाएगी, जिससे रखरखाव, सुरक्षित निपटान और रीसायक्लिंग मे मदद मिलेगी और नकली बैटरियों की बिक्री रोकी जा सकेगी।




**4. राष्ट्रीय फ्लोरेसं नाइटिंगेल पुरस्कार किसने वर्ष 2025 मे प्रदान किया ?**

A - प्रधानमंत्री मोदी
B - मुख्यमंत्री
C - केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री
D - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 के लिए 15 नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेसं नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार मे नंकद राशि, प्रशस्ति पत्र और पदक शामिल है। विजेता देश के विभिन्न राज्यों से है



VISIT OUR WEBSITE

**5. राजेश की उम्र कितनी थी जब उनका निधन हुआ ?**

A - 70 वर्ष
B - 72 वर्ष
**C - 75 वर्ष**
D - 78 वर्ष

प्रसिद्ध तमिल अभिनेता राजेश का 29 मई 2025 को चेन्नई मे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे और लगभग 50 वर्षों मे 150 से अधिक तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों मे काम किया। उनकी लोकप्रिय फिल्मों मे "अंधा एळु नाट्कल," "सत्य," और "विरुमांडी" शामिल है।



**6. भारत मे हिंदी पत्रकारिता दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 15 मई
B - 25 मई
**C - 30 मई**
D - 5 जून

भारत मे हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, जो 1826 मे पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा पहला हिंदी समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' प्रकाशित करने की याद दिलाता है। यह दिन हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, योगदान और महत्व को सम्मानित करता है। हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम, लोकतंत्र और समाज जागरूकता मे अहम भूमिका निभाई है।




**7. नोमैडिक एलिफेटं' अभ्यास का 17वां संस्करण कहाँ आयोजित होगा ?**

A - अमेरिका
**B - मंगोलिया**
C - अरुणाचल प्रदेश
D - भारत

भारतीय सेना का दल 'नोमैडिक एलिफेटं' के 17वे संस्करण मे भाग लेने के लिए मंगोलिया के उलानबाटर गया है। यह द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 31 मई से 13 जून 2025 तक मंगोलिया मे होगा और भारत-मंगोलिया के गहरे सैन्य सहयोग का प्रतीक है। इसमे 45 भारतीय जवान, ज्यादातर अरुणाचल स्काउट्स, और मंगोलिया के 150 स्पेशल फोर्स सैनिक भाग लेगें।



**8. विश्व दुग्ध दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 15 मई
**B - 1 जून**
C - 10 जुलाई
D - 5 जून

विश्व दुग्ध दिवस हर साल 1 जून को FAO द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दूध और डेयरी उत्पादों के पोषण और उद्योग की वैश्विक भूमिका को उजागर करना है। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, और डेयरी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान कल्याण मे महत्वपूर्ण है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

9. विश्व दुग्ध दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 15 मई
B - 1 जून
C - 10 जुलाई
D - 5 जून

विश्व दुग्ध दिवस हर साल 1 जून को FAO द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दूध और डेयरी उत्पादों के पोषण और उद्योग की वैश्विक भूमिका को उजागर करना है। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, और डेयरी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान कल्याण मे मंहत्वपूर्ण है।




10. एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किस शहर मे किया जाएगा ?

A - गांधीनगर
B - मुंबई
C - अहमदाबाद
D - नई दिल्ली

1 से 10 अप्रैल 2026 तक अहमदाबाद, गुजरात मे एंशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन होगा, जिसकी मेज़बानी पहली बार भारत करेगा। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ की नई वजन श्रेणियों के तहत होगी। आयोजन पहले गांधीनगर मे तय था, लेकिन बेहतर अधोसंरचना के कारण इसे अहमदाबाद स्थानांतरित किया गया।



11. सद्गुरु (जग्गी वासुदेव) को 2025 का ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड किस संस्था ने दिया ?

A - भारत सरकार
B - कनाडा इंडिया फाउंडेशन (CIF)
C - संयुक्त राष्ट्र
D - विश्व आर्थिक मंच

सद्गुरु (जग्गी वासुदेव) को कनाडा इंडिया फाउंडेशन ने 2025 का ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड दिया। यह सम्मान उनके पर्यावरण अभियानों 'कावेरी कॉलिंग' और 'सेव सॉयल' मे योगदान के लिए है। उन्हे CAD 50,000 भी मिला, जो उन्होंने 'कावेरी कॉलिंग' को समर्पित किया। सद्गुरु ने योग, ध्यान, और सतत कृषि के क्षेत्र मे मंहत्वपूर्ण कार्य किए है




12. ANKUR पहल किस राज्य की शहरी विकास योजना है ?

A - ओडिशा
B - महाराष्ट्र
C - तमिलनाडु
D - कर्नाटक

ओडिशा सरकार ने ANKUR योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य समावेशी, स्मार्ट और सतत शहरी विकास को बढ़ावा देना है। यह योजना 2036 तक शहरी आबादी के तीन गुना बढ़ने की चुनौतियों का समाधान प्रदान करती है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 2036 तक शहरीकरण दर 17% से 40% और 2047 तक 60% करने का लक्ष्य रखा है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**13. हाल ही मे किन तीन रक्षा PSUs को मिनीरत्न-I का दर्जा प्रदान किया गया है ?**

A - HAL, DRDO, BEL
B - BDL, GRSE, MDL
**C - MIL, AVNL, IOL**
D - BHEL, ONGC, GAIL

हाल ही मे तीन प्रमुख रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों—म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL), आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (AVNL), और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (IOL)—को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा दिया गया है। MIL पुणे मे गोला-बारूद और रॉकेट बनाती है, जबकि AVNL चेन्नई मे T-90 और अर्जुन जैसे युद्ध वाहन उत्पादन करता है।



**14. सेरेना विलियम्स को 2025 मे कौन-सा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया ?**

A - लॉरियस स्पोर्ट्स पुरस्कार
**B - प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार**
C - आर्थर ऐश करेज अवॉर्ड
D - गोल्डन स्पोर्ट्स अवॉर्ड

प्रसिद्ध अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को 2025 मे 'प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हे खेल मे असाधारण उपलब्धियों और समाज मे संकारात्मक योगदान के लिए दिया गया। सेरेना ने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और 73 एकल खिताब जीते है, और 2012 ओलंपिक मे स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया।



**15. IPL मे रोहित शर्मा ने कुल कितने छक्के लगाए ?**

A - 250
**B - 300**
C - 350
D - 357

IPL 2025 के एलिमिनेटर मैच मे रोहित शर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 81 रन की पारी खेलते हुए दो बड़े रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने IPL मे 300 छक्के पूरे किए और कुल 7000 रन भी हासिल किए। रोहित छक्के लगाने वाले शीर्ष पांच खिलाड़ियों मे शामिल हैं, जिनमे क्रिस गेल सबसे आगे है। आईपीएल 2008 मे बीसीसीआई ने शुरू किया था, जिसमे 2025 तक 10 टीमे है।



**16. वैश्विक अभिभावक दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 15 अगस्त
**B - 1 जून**
C - 5 सितंबर
D - 25 दिसंबर

हर साल 1 जून को विश्वभर मे वैश्विक माता-पिता दिवस मनाया जाता है, जो माता-पिता और देखभाल करने वालों के प्रेम और समर्पण को सम्मानित करता है। 2025 की थीम "माता-पिता का पालन-पोषण" है, जो बताती है कि पालन-पोषण एक सीखा हुआ कौशल है। यह दिन माता-पिता की जिम्मेदारी और बच्चों के स्वस्थ विकास मे उनकी भूमिका को मान्यता देता है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

17. तेलंगाना स्थापना दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 1 मई
B - 2 जून
C - 15 अगस्त
D - 1 नवंबर

तेलंगाना स्थापना दिवस हर वर्ष 2 जून को मनाया जाता है, जो राज्य के गठन की वर्षगांठ है। यह क्षेत्र पहले हैदराबाद रियासत का हिस्सा था, जिसे 1948 मे 'ऑपरेशन पोलो' के तहत भारत मे मिलाया गया। 1956 मे भाषाई आधार पर आंध्र प्रदेश का गठन हुआ, जिसमे तेलंगाना भी शामिल था। क्षेत्रीय असंतुलन के चलते 1969 मे 'जय तेलंगाना' आंदोलन शुरू हुआ।




18. भारत का पहला ऐसा जिला कौन सा है जिसने अपनी पूरी बिजली की मांग सौर ऊर्जा से पूरी की है ?

A - दमन
B - दीव
C - लक्षद्वीप
D - अंडमान

दीव देश का पहला जिला बन गया है जिसने अपनी पूरी 11.88 मेगावाट बिजली मांग सौर ऊर्जा से पूरी की है। यह उपलब्धि पीएम-सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हुई है, जिसका लक्ष्य एक करोड़ परिवारों को सौर ऊर्जा देना है। योजना 15 फरवरी 2024 को शुरू हुई थी और मार्च 2027 तक इसका लक्ष्य है।



19. अल्जीरिया किस वर्ष न्यू डेवलपमेटं बैकं (NDB) का सदस्य बना ?

A - वर्ष 2023
B - वर्ष 2024
C - वर्ष 2025
D - वर्ष 2021

19 मई 2025 को अल्जीरिया न्यू डेवलपमेटं बैकं (NDB) का नौवां सदस्य बन गया। NDB की स्थापना 2014 मे BRICS देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) ने की थी और यह उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बुनियादी ढांचे व सतत विकास परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण करता है। इसका मुख्यालय शंघाई मे है और वर्तमान अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ है। भारत मे इसका क्षेत्रीय कार्यालय गुजरात मे स्थित है।




20. अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान मे 31 मई 2025 को भोपाल के किस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ?

A - भारत भवन
B - जम्बूरी मैदान
C - राजभवन
D - इंदिरा गांधी मैदान

31 मई 2025 को भोपाल के जम्बूरी मैदान मे अहिल्याबाई होल्कर की याद मे भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य उनके दूरदर्शी शासन, सामाजिक सुधार, धार्मिक सहिष्णुता और नारी सशक्तिकरण को याद करना था। अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक होलकर राज्य का कुशल शासन किया, धार्मिक सहिष्णुता बढ़ाई, विधवाओं के अधिकारों की रक्षा की और महिलाओं की शिक्षा व सुरक्षा पर जोर दिया।



**21. मल्लखंभ किस प्रकार का खेल है ?**

A - योग, कुश्ती और जिम्नास्टिक का संयोजन

B - एक तैराकी खेल

C - केवल जिम्नास्टिक खेल

D - केवल कुश्ती खेल

खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 मे मंल्लखंभ को प्रदर्शन खेल के रूप मे शामिल किया गया, जो 19-24 मई तक दादरा एवं नगर हवेली के घोघला बीच पर आयोजित हुआ। मल्लखंभ भारत की पारंपरिक खेल विधा है जिसमे खिलाड़ी खंभे या रस्सी पर संतुलन, शक्ति और कौशल दिखाते है। इसकी उत्पत्ति महाराष्ट्र मे हुई और यह योग, कुश्ती व जिम्नास्टिक का संयोजन है। मल्लखंभ के तीन प्रकार है



**22. UEFA चैंपियंस लीग 2024-25 का फाइनल मैच कहाँ आयोजित किया गया था ?**

A - लंदन

B - पेरिस

C - म्यूनिख

D - रोम

31 मई 2025 को पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने म्यूनिख मे UEFA चैंपियंस लीग 2024-25 का फाइनल इंटर मिलान को 5-0 से हराकर जीता, जो क्लब का पहला खिताब है। अचरफ हकीमी, ख्विचा क्वारत्सखेलिया, सेनी मायुलु और 19 वर्षीय डेजायर डू ने गोल किए। डेजायर डू को "प्लेयर ऑफ द फाइनल" घोषित किया गया। चैंपियंस लीग की शुरुआत 1955-56 मे हुई थी और 1992-93 से इसका वर्तमान नाम है।



**23. विश्व साइकिल दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 5 जून

B - 3 जून

C - 1 मई

D - 10 अप्रैल

विश्व साइकिल दिवस हर वर्ष 3 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य साइकिल को एक सरल, किफायती, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप मे बढ़ावा देना है। इसकी आधिकारिक मान्यता अप्रैल 2018 मे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दी गई, प्रस्ताव तुर्कमेनिस्तान ने रखा था।




**24. 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 मे भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता ?**

A - अविनाश साबले

B - गुलवीर सिंह

C - सेर्विन सेबेस्टियन

D - रूपल चौधरी

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का 26वां संस्करण 27 से 31 मई तक गुमी, दक्षिण कोरिया मे हुआ। भारत ने 24 पदक जीते—8 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य—और पदक तालिका मे दूसरे स्थान पर रहा। भारत की 60 सदस्यीय टीम ने 30 स्पर्धाओं मे हिस्सा लिया। गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 5000 और 10,000 मीटर दौड़ मे दो स्वर्ण पदक जीते।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**25. आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है ?**

**A - 4 जून** | **B - 3 जून**

**C - 3 मई** | **D - 3 अप्रैल**

हर साल 4 जून को बच्चों के प्रति हिंसा, शोषण और आक्रामकता के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व दिवस मनाया जाता है। यह दिन बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके खिलाफ होने वाले शोषण को उजागर करता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित इस दिन का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना और हिंसा रोकने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना है।




**26. भारत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) और किस देश की कंपनी के बीच रणनीतिक साझेदारी हुई है ?**

**A - जापान** | **B - नॉर्वे**

**C - फ्रांस** | **D - जर्मनी**

भारत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) और नॉर्वे की कोंग्सबर्ग कंपनी ने मिलकर भारत का पहला स्वदेशी ध्रुवीय अनुसंधान पोत बनाने की रणनीतिक साझेदारी की है। यह पोत राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केद्रं (NCPOR) की जरूरतों के अनुसार विकसित होगा और समुद्री अन्वेषण, पारिस्थितिकी व जलवायु अध्ययन के लिए आधुनिक उपकरणों से लैस होगा।



**27. संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 80वे सत्र की अध्यक्ष किसे चुना गया ?**

**A - हेल्गा श्मिड** | **B - क्रिस्टीन लगार्ड**

**C - उर्सुला वॉन डेर लियेन** | **D - अन्नालेना बैरबॉक**

2 जून 2025 को जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री अन्नालेना बैरबॉक संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 80वे सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। वे WEOG समूह से अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला और कुल पाँचवीं महिला अध्यक्ष है। 44 वर्ष की उम्र मे वे सबसे युवा अध्यक्षों मे शामिल है। उन्हे 167 वोट मिले। उनकी प्राथमिकताएं UN की प्रभावशीलता बढ़ाना, 2030 सतत विकास लक्ष्य को आगे बढ़ाना और महासभा को समावेशी मंच बनाना है।



**28. 2 जून 2025 को ड्यूश बैकं ने भारत स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेटंर (GCC) का नया CEO किसे नियुक्त किया ?**

**A - स्टीफन शेफ़र** | **B - क्रिस्टियन सेविंग**

**C - मार्टिन वेबर** | **D - डेविड रिचर्डसन**

2 जून 2025 को ड्यूश बैकं ने स्टीफन शेफ़र को भारत स्थित अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेटंर (GCC) का नया CEO नियुक्त किया। वे साथ ही वैश्विक मुख्य सूचना अधिकारी (CIO) और ग्लोबल टेक्नोलॉजी सेटंर्स के प्रमुख की जिम्मेदारी भी संभालेगें। यह नियुक्ति भारत को ड्यूश बैकं की वैश्विक रणनीति मे तकनीकी और नवाचार केद्रं के रूप मे स्थापित करती है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

29. भारत का पहला स्वदेशी मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल ‘भारत जेन’ किसके द्वारा लॉन्च किया गया ?

A - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा
B - विज्ञान मंत्री डॉ. विकास श्रीवास्तव द्वारा
C - केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा
D - IIT बॉम्बे के निदेशक द्वारा

2 जून 2025 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत का पहला स्वदेशी मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल ‘भारत जेन’ लॉन्च किया। यह जनरेटिव एआई मॉडल 22 भारतीय भाषाओं मे टेक्स्ट, स्पीच, इमेज, ऑडियो और वीडियो समझने और उत्पन्न करने मे सक्षम है। IIT बॉम्बे के नेतृत्व मे विकसित यह सरकारी वित्त पोषित ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट है




30. ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे अंतरराष्ट्रीय (ODI) क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है वह किस देश के खिलाड़ी है ?

A - इंग्लैडं
B - न्यूज़ीलैडं
C - साउथ अफ्रीका
D - ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने वन डे इंटरनेशनल (ODI) क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। उन्होंने 2012 मे डेब्यू किया था और 2015 व 2023 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे है। मैक्सवेल ने संन्यास के पीछे गिरते प्रदर्शन, फिटनेस और चोटों को कारण बताया है। वे टी20 क्रिकेट जारी रखेगें और युवा खिलाड़ियों को मौका देने की इच्छा जताई है।




31. हाल ही मे WADA (विश्व डोपिंग निरोधक एजेसी) के अध्यक्ष के रूप मे तीसरे कार्यकाल के लिए किसे चुना गया है ?

A - थॉमस बाक
B - यांग यांग
C - विटोल्ड बांका
D - क्रेग रीडी

विश्व डोपिंग निरोधक एजेसी (WADA) के फाउंडेशन बोर्ड ने अपने स्वतंत्र अध्यक्ष विटोल्ड बांका और उपाध्यक्ष यांग यांग को 1 जनवरी 2026 से 2028 तक के तीसरे और अंतिम तीन साल के कार्यकाल के लिए पुनः चुना है। यह पुनः चयन एजेसी की स्थिरता और नेतृत्व की निरंतरता को दर्शाता है। WADA की स्थापना 1999 मे स्विट्ज़रलैडं के लॉज़ेन मे हुई थी और इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा मे है।



32. विश्व पर्यावरण दिवस कब बनाया जाता है ?

A - 5 जून
B - 15 जून
C - 22 अप्रैल
D - 1 मई

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देना है। 2025 मे इसका आयोजन रिपब्लिक ऑफ कोरिया द्वारा किया जाएगा, जो दूसरी बार मेजबानी कर रहा है। इस वर्ष की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को मात दे" है, जो प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीर समस्या पर ध्यान केंद्रित करती है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**33. XChat को किसने लॉन्च किया है ?**

A - सुंदर पिचाई | B - मार्क ज़ुकरबर्ग

**C - एलन मस्क** | D - सत्या नडेला

2 जून 2025 को एलन मस्क ने XChat का बीटा वर्जन लॉन्च किया, जो WhatsApp, Telegram और WeChat को टक्कर देने के लिए बनाया गया है। यह X को एक सुपर ऐप के रूप मे स्थापित करने की योजना का हिस्सा है। XChat मे एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन है, जो बिटकॉइन जैसी तकनीक पर आधारित है, और इसे रस्ट भाषा मे विकसित किया गया है।



**34. IATA की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन (WATS) कहाँ आयोजित किया गया ?**

**A - नई दिल्ली** | B - मुंबई

C - दिल्ली | D - हैदराबाद

अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन 1 से 3 जून 2025 को नई दिल्ली मे भारत मंडपम मे आयोजित हो रही है, जो 42 वर्षों बाद पहली बार भारत मे हो रहा है। IATA एक वैश्विक संगठन है जो अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है और 120 देशों की 300 से अधिक एयरलाइंस को जोड़ता है।

**35. ADB ने अगले पांच वर्षों मे भारत के लिए कितना निवेश करने की घोषणा की ?**

A - 5 अरब डॉलर | **B - 10 अरब डॉलर**

C - 15 अरब डॉलर | D - 20 अरब डॉलर

एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अगले पांच वर्षों मे भारत के शहरी विकास और मेट्रो नेटवर्क विस्तार के लिए 10 अरब डॉलर (लगभग ₹83,000 करोड़) निवेश का संकल्प लिया है। यह घोषणा 2025 मे ADB अध्यक्ष मासातो कांडा ने प्रधानमंत्री मोदी से नई दिल्ली मे मुलाकात के बाद की। निवेश का उद्देश्य शहरी अवसंरचना मजबूत करना, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करना, सतत विकास को बढ़ावा देना और जीवन स्तर सुधारना है।



**36. कुमार मंगलम बिड़ला को कौन सा पुरस्कार मिला है ?**

A - पद्म श्री | **B - ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड**

C - नोबेल पुरस्कार | D - भारत रत्न

कुमार मंगलम बिड़ला को अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने मे उनके योगदान के लिए USISPF द्वारा ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड मिला। यह पुरस्कार वाशिंगटन डीसी मे 8वे USISPF नेतृत्व शिखर सम्मेलन मे दिया गया। आदित्य बिड़ला समूह ने अमेरिका मे 15 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश किया है और 5,400 से अधिक लोगों को रोजगार दिया है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

37. 51वां वार्षिक G7 शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित होगा ?

A - कनानैस्किस, अल्बर्टा (कनाडा)　　B - टोक्यो, जापान

C - पेरिस, फ्रांस　　D - लंदन, यूके

51वां वार्षिक G7 शिखर सम्मेलन 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा मे कनानैस्किस मे आयोजित होगा, जो G7 की 50वीं वर्षगांठ पर खास महत्व रखता है। इसमे कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूके, यूएसए और यूरोपीय संघ शामिल है। सम्मेलन मे जलवायु परिवर्तन, डिजिटल नवाचार, वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता जैसे विषयों पर चर्चा होगी, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विनियमन पर।




38. रक्षा संपदा महानिदेशक (DGDE) के नवनियुक्त महानिदेशक कौन है ?

A - अजय कुमार　　B - राजीव मेहरा

C - शैलेंद्र नाथ गुप्ता　　D - मनोज सिन्हा

1 जून 2025 को शैलेंद्र नाथ गुप्ता ने रक्षा संपदा महानिदेशक (DGDE) का पदभार संभाला। वे भारतीय रक्षा संपदा सेवा (IDES) के 1990 बैच के अधिकारी है और 30 वर्षों से अधिक का प्रशासनिक अनुभव रखते है। DGDE रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है और 18 लाख एकड़ रक्षा भूमि, 61 छावनी बोर्ड और 38 रक्षा संपदा सर्किल का प्रबंधन करता है।



39. IPL 2025 का विजेता कौन बना ?

A - पंजाब किंग्स　　B - मुंबई इंडियंस

C - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB)　　D - चेन्नई सुपर किंग्स

3 जून 2025 को नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद मे खेले गए IPL 2025 फाइनल मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। विराट कोहली ने पहली बार ट्रॉफी जीती। RCB ने 196 रन बनाए और पंजाब 190 रन पर आउट हो गई। क्रुणाल पांड्या को फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।



40. ली जे-म्यांग किस देश के राष्ट्रपति बने है ?

A - जापान　　B - चीन

C - दक्षिण कोरिया　　D - ताइवान

4 जून 2025 को सियोल, दक्षिण कोरिया मे ली जे-म्यांग ने देश के 14वे राष्ट्रपति के रूप मे शपथ ली। यह उपचुनाव 3 जून 2025 को हुआ था, जो पूर्व राष्ट्रपति यूं सुक-योल के महाभियोग के कारण आयोजित किया गया था। यूं सुक-योल को 3 दिसंबर 2024 को मार्शल लॉ लागू करने के बाद पद से हटाया गया था। उपचुनाव मे ली जे-म्यांग ने 51.7% वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि किम मून-सू को 39.3% वोट मिले।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**41. भारत सरकार के डाक विभाग ने किस नाम से नई डिजिटल एड्रेसिंग नीति जारी की है ?**

A - DARPAN
B - DHRUVA
C - DIGI-ADDRESS
D - DIGITAL INDIA

भारत सरकार के डाक विभाग ने DHRUVA नामक नई डिजिटल एड्रेसिंग नीति जारी की है, जिसका उद्देश्य देश मे एंक डिजिटल⍰, जियो-कोडेड डिजिटल पता प्रणाली विकसित करना है। यह नीति सेवा वितरण को अधिक सटीक, कुशल और समावेशी बनाने के लिए बनाई गई है। DHRUVA के तहत एड्रेस-एज-ए-सर्विस (AaaS) मॉडल के जरिए पता प्रबंधन को सेवा के रूप मे दिया जाएगा, जिससे पते मे विसंगतियाँ खत्म होंगी और उपयोगकर्ताओं को अपने डिजिटल पते पर नियंत्रण मिलेगा।




**42. भारत को संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) मे किस कार्यकाल के लिए चुना गया है ?**

A - 2024-26
B - 2026-28
C - 2025-27
D - 2023-25

भारत को 2026-28 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) का सदस्य चुना गया है, जो 1 जनवरी 2026 से शुरू होगा। यह भारत की वैश्विक भूमिका और प्रतिष्ठा को दर्शाता है। भारत सतत विकास, गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों मे योगदान देगा। ECOSOC संयुक्त राष्ट्र का एक प्रमुख अंग है

**43. विश्व कीट दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 6 जून
B - 5 जून
C - 15 जून
D - 10 जून

हर साल 6 जून को विश्व कीट दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य कीट नियंत्रण के महत्व और इसके प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दिवस मानव स्वास्थ्य, कृषि सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण मे कीट प्रबंधन की भूमिका को उजागर करता है। इसकी शुरुआत 2017 मे बीजिंग, चीन मे हुई थी और इसे कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन मिला।



**44. 6 जून 2025 को नरेद्रं मोदी ने जम्मू-कश्मीर के किस जिले मे दुंनिया के सबसे ऊँचे रेलवे आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया ?**

A - कश्मीर
B - श्रीनगर
C - रियासी
D - उधमपुर

6 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले मे दुंनिया के सबसे ऊँचे रेलवे आर्च ब्रिज, चिनाब ब्रिज (359 मीटर ऊँचा) का उद्घाटन किया। यह 1,315 मीटर लंबा स्टील ब्रिज भूकंप और तेज़ हवाओं को सहन कर सकता है और कश्मीर की रेल कनेक्टिविटी व सुरक्षा बढ़ाएगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**45. अश्विनी लोहानी को किस संस्था का निदेशक नियुक्त किया गया है ?**

A - भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय
B - राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता
**C - प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (PMML)**
D - केंद्रीय सूचना आयोग

अश्विनी लोहानी को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (PMML), नई दिल्ली का निदेशक नियुक्त किया गया है, जिसका तीन वर्ष का कार्यकाल होगा। यह नियुक्ति 4 जून 2025 को मंत्रिमंडल की समिति द्वारा स्वीकृत हुई। लोहानी भारतीय रेलवे सेवा के 1980 बैच के अधिकारी है और एयर इंडिया, रेलवे बोर्ड, तथा टूरिज्म कॉरपोरेशन मे महत्वपूर्ण पदों पर रहे है।



**46. त्रि-सेवा ऑल-वुमन टीम ने भारत से किस देश तक समुद्री यात्रा की ?**

A - मॉरीशस
B - म्यांमार
C - श्रीलंका
**D - सेशेल्स**

4 जून 2025 को भारतीय सशस्त्र बलों की त्रि-सेवा ऑल-वुमन सेलिंग टीम भारत लौटी, जिसने 7 अप्रैल से 4 जून तक 1,800 नॉटिकल मील की समुद्री यात्रा पूरी की। यह अभियान भारत से सेशेल्स तक स्वदेशी नौका 'त्रिवेणी' पर हुआ और यह भारत का पहला ऑल-वुमन अंतरराष्ट्रीय ओपन-सी सेलिंग मिशन था। टीम मे सेना, नौसेना और वायुसेना की 11 महिला अधिकारी शामिल थीं।



**47. भारत ने पहली बार किस वैश्विक संगठन की अध्यक्षता प्राप्त की ?**

A - UNESCO
B - WHO
**C - IIAS**
D - UNDP

भारत ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) की अध्यक्षता हासिल की है। यह चुनाव पहली बार मतपत्र प्रक्रिया से हुआ, जिसमे भारत के वी. श्रीनिवास (DARPG सचिव) ने 141 मे से 87 वोटों से जीत दर्ज की। भारत और ऑस्ट्रिया के बीच अंतिम मुकाबला था। IIAS एक वैश्विक संघ है जो लोक प्रशासन मे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देता है।

**48. विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है ?**

**A - 7 जून**
B - 6 जून
C - 5 जून
D - 8 जून

हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है ताकि सुरक्षित भोजन की आवश्यकता और उसके स्वास्थ्य व आर्थिक लाभों पर जागरूकता बढ़ाई जा सके। 2025 की थीम "खाद्य सुरक्षा : विज्ञान मे कार्रवाई" विज्ञान और नवाचार से खाद्य जनित संक्रमण रोकने पर जोर देती है। इसे दिसंबर 2018 मे संयुक्त राष्ट्र ने स्थापित किया था, जिसका पहला आयोजन 2019 मे हुआ।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

49. भारतीय रिजर्व बैकं ने फ्लिपकार्ट को किस प्रकार की कंपनी के रूप मे काम करने की पहली बार अनुमति दी है ?

A - बैकं

B - गैर-बैकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)

C - बीमा कंपनी

D - माइक्रोफाइनेसं कंपनी

फ्लिपकार्ट को भारतीय रिजर्व बैकं ने पहली बार NBFC (गैर-बैकिंग वित्तीय कंपनी) का लाइसेसं दिया है, जिससे वह सीधे ग्राहकों और विक्रेताओं को लोन दे सकेगा। यह सुविधा उसका फिनटेक प्लेटफॉर्म super.money के माध्यम से उपलब्ध होगी। इससे फ्लिपकार्ट बैकों पर निर्भरता कम करेगा और फिनटेक-ई-कॉमर्स एकीकरण मजबूत होगा।




50. हाल ही मे प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) का नया अध्यक्ष कौन नियुक्त किया गया है ?

A - सुमन बेरी

B - एस. महेद्रं देव

C - अरविंद पनगढ़िया

D - रघुराम राजन

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एस. महेद्रं देव को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नई पूर्णकालिक भूमिका के कारण एक्सिस बैकं के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। यह नियुक्ति केद्रं सरकार की विकास-केद्रित नीतियों, खासकर कृषि और ग्रामीण विकास पर ध्यान देने का संकेत है।




51. विश्व महासागर दिवस हर साल किस तिथि को मनाया जाता है ?

A - 5 जून

B - 8 जून

C - 12 अगस्त

D - 22 अप्रैल

हर साल 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महासागरों के संरक्षण और सतत विकास के लिए जागरूकता बढ़ाना है। 2025 की थीम "हमारे महासागर और जलवायु के लिए कार्रवाई को उत्प्रेरित करना" है। महासागर पृथ्वी की सतह का 71% हिस्सा घेरते है, ऑक्सीजन का आधा उत्पादन करते है और मौसम व जलवायु को नियंत्रित करते है।




52. भारतीय भाषा अनुभाग (BBA) का उद्घाटन कहाँ हुआ ?

A - मुंबई

B - चेन्नई

C - कोलकाता

D - नई दिल्ली

केद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 6 जून 2025 को नई दिल्ली मे भारतीय भाषा अनुभाग (BBA) का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों मे अंग्रेजी समेत विदेशी भाषाओं के प्रभुत्व को कम करके मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देना है। इससे राष्ट्रीय एकता और समावेशन मजबूत होंगे।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**53. TCL इंडिया ने अपनी ब्रांड एंबेसडर साझेदारी किस भारतीय क्रिकेट कप्तान के साथ नवीनीकृत की है ?**

A - विराट कोहली
B - महेद्रं सिंह धोनी
**C - रोहित शर्मा**
D - जसप्रीत बुमराह

4 जून 2025 को TCL इंडिया ने भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा के साथ अपनी ब्रांड एंबेसडर साझेदारी दूसरे वर्ष के लिए नवीनीकृत की। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाना, रोहित शर्मा की लोकप्रियता से ब्रांड विश्वसनीयता मजबूत करना और TCL को AI आधारित स्मार्ट टीवी व उपकरणों मे तकनीकी नवाचारकर्ता के रूप मे स्थापित करना है



**54. विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस हर साल किस तारीख को मनाया जाता है ?**

**A - 8 जून**
B - 6 जून
C - 4 जून
D - 10 जून

विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस हर साल 8 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मरीजों का समर्थन करना और समय पर निदान व बेहतर इलाज को बढ़ावा देना है। इसकी शुरुआत 2000 मे जर्मन ब्रेन ट्यूमर एसोसिएशन ने की थी। ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क की कोशिकाओं का असामान्य विकास होता है,




**55. 'निवेशक शिविर' पहल का संचालन किस मंत्रालय के अधीन है ?**

A - वित्त मंत्रालय
**B - कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय**
C - गृहमंत्रालय
D - वाणिज्य मंत्रालय

भारत मे निवेशकों की सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए 'निवेशक शिविर' पहल शुरू की गई है, जो IEPFA और SEBI की संयुक्त पहल है। इसका संचालन कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय करता है। इसका उद्देश्य अनक्लेम्ड डिविडेंड व शेयर वापसी की प्रक्रिया सरल बनाना, निवेशकों की जागरूकता बढ़ाना और बिचौलियों पर निर्भरता कम करना है।

**56. ग्लोबल मीथेन ट्रैकर-2025 रिपोर्ट किस संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है ?**

A - संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
**B - अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)**
C - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
D - अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (IRENA)

ग्लोबल मीथेन ट्रैकर-2025 रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा जारी की जाती है, जो ऊर्जा क्षेत्र से मीथेन उत्सर्जन के आंकड़े और कमी के उपाय बताती है। मीथेन का प्रभाव कार्बन डाइऑक्साइड से 84 गुना ज्यादा होता है और इसका स्तर प्री-इंडस्ट्रियल युग से 2.5 गुना बढ़ा है। 2024 मे ऊंर्जा क्षेत्र से 120 मिलियन टन मीथेन उत्सर्जित हुआ, जिसमे मुंख्य उत्सर्जक मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, अमेरिका, रूस और चीन है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**57. B-SMILE किस राज्य सरकार की पहल है ?**



A - महाराष्ट्र
B - तमिलनाडु
C - कर्नाटक
D - केरल

B-SMILE कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है, जिसका उद्देश्य बेंगलुरु मे व्यापक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लागू करना है। यह पहल शहरी योजना, स्मार्ट सिटी मॉडल और जनसंख्या दबाव जैसी चुनौतियों से निपटने की रणनीति है। सरकार ने इसके लिए ₹7,000 करोड़ की प्रारंभिक निधि दी है

**58. हाल ही मे विझिनजाम बंदरगाह पर किसने 76.7 मीटर लंबी जेट्टी का उद्घाटन किया ?**



A - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
B - रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
C - परमेश शिवमणि
D - अडानी ग्रुप के अध्यक्ष

7 जून 2025 को भारतीय तटरक्षक बल ने केरल के विझिनजाम बंदरगाह पर 76.7 मीटर लंबी समर्पित जेट्टी का उद्घाटन किया। यह जेट्टी समुद्री निगरानी, त्वरित पोत तैनाती, तस्करी-रोधी अभियानों और बचाव कार्यों को सशक्त बनाएगी। उद्घाटन महानिदेशक परमेश शिवमणि ने किया।

**59. भारत की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना किस वर्ष आयोजित की जाएगी ?**



A - वर्ष 2025
B - वर्ष 2026
C - वर्ष 2027
D - वर्ष 2028

भारत सरकार ने 2027 की जनगणना को पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है। इसमे सामाजिक, आर्थिक, जातिगत और भौगोलिक डेटा डिजिटल मैपिंग के साथ एकत्रित किए जाएंगे। जनगणना दो चरणों मे होगी—हाउस लिस्टिंग और व्यक्तिगत जानकारी संग्रह। करीब 50% लोग मोबाइल ऐप से स्वयं डेटा भर सकेगें। पहली बार 1931 के बाद जातिगत आंकड़े जुटाए जाएंगे, जिससे आरक्षण और सामाजिक योजनाओं मे पारदर्शिता बढ़ेगी।

**60. फ्रेचं ओपन 2025 का पुरुष एकल खिताब किसने जीता ?**



A - नोवाक जोकोविच
B - जैनिक सिनर
C - कार्लोस अल्काराज
D - राफेल नडाल

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने फ्रेचं ओपन 2025 के पुरुष एकल फाइनल मे इंटली के जैनिक सिनर को पांच सेटों मे हंराकर अपना पांचवां ग्रैडंस्लैम खिताब जीता। करीब 5 घंटे 29 मिनट चले मैच मे अंल्काराज ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर शानदार वापसी की। सिनर ने पहले दो सेट जीते थे, लेकिन अल्काराज ने अंतिम सेट टाईब्रेक 7-0 से जीतकर मैच अपने नाम किया।

61. फ्रेचं ओपन 2025 का महिला युगल खिताब किस जोड़ी ने जीता ?

A - सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी
B - एलेक्जेड्रां क्रूनिक और अन्ना दानिलिना
C - एमा राडुकानु और बारबोरा क्रेजिकोवा
D - सिमोना हालेप और कोको गॉफ

फ्रेचं ओपन 2025 मे इंटली की सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी ने महिला युगल खिताब जीतकर अपना पहला ग्रैडंस्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने फाइनल मे अंन्ना दानिलिना और एलेक्जेड्रां क्रूनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। यह जोड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक मे भी युगल खिताब जीत चुकी है।



62. समर मैकिन्टोश ने 2025 मे किस इवेटं मे विश्व रिकॉर्ड बनाया ?

A - 400 मीटर बटरफ्लाई
B - 200 मीटर फ्रीस्टाइल
C - 400 मीटर फ्रीस्टाइल
D - 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले

कनाडा की 18 वर्षीय तैराक समर मैकिन्टोश ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल मे 3:54.18 मिनट का समय लेकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया, जो ऑस्ट्रेलिया की एरियार्न टिटमस के पुराने रिकॉर्ड को पार कर गया। यह रिकॉर्ड उन्होंने 2025 के विक्टोरिया स्विमिंग ट्रायल्स मे बनाया। पेरिस ओलंपिक 2024 मे समर तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुकी है।



63. वर्ष 2025 का G7 शिखर सम्मेलन किस देश मे आयोजित किया जा रहा है ?

A - फ्रांस
B - जर्मनी
C - जापान
D - कनाडा

15 से 17 जून 2025 को कनाडा के कनानसकीस, अल्बर्टा मे होंने वाले जी7 शिखर सम्मेलन मे भारत को आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने दिया, जो भारत-कनाडा संबंधों मे सुधार की दिशा मे एंक प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी इस सम्मेलन मे छठी बार भाग लेगें।





64. भारत के इस संवाद की अध्यक्षता किसने की ?

A - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी
B - विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर
C - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
D - रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

6 जून 2025 को नई दिल्ली मे भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच चौथा विदेश मंत्री स्तरीय संवाद हुआ, जिसमे कंजाकिस्तान, किर्गिज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री शामिल हुए। इसका उद्देश्य राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत करना है। सभी देशों ने 22 अप्रैल को पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले की निंदा की।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

65. "मोदीज नीति शास्त्र: द वर्ल्ड्स हिज ऑयस्टर" पुस्तक के लेखक कौन है ?

A - नरेंद्र मोदी
B - आदिश सी अग्रवाल
C - डॉ. एस. जयशंकर
D - अरविंद केजरीवाल

पुस्तक "मोदीज नीति शास्त्र: द वर्ल्ड्स हिज ऑयस्टर" के लेखक वरिष्ठ अधिवक्ता आदिश सी अग्रवाल है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन कार्यकालों मे हुए कानूनी, प्रशासनिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों मे हुए महत्वपूर्ण बदलावों का विश्लेषण करती है। विशेष रूप से न्याय व्यवस्था मे सुधार, डिजिटल इंडिया, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता, नागरिक कल्याण और सुरक्षा नीतियों पर प्रकाश डाला गया है।



66. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) का अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया है ?

A - सिद्धार्थ मोहंती
B - देबाशीष पांडा
C - सतपाल भानु
D - दिनेश पंत

भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के प्रबंध निदेशक सतपाल भानु को 8 जून 2025 से अंतरिम CEO का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह निर्णय सिद्धार्थ मोहंती के 7 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद लिया गया। सतपाल भानु 7 सितंबर 2025 तक या नए CEO की नियुक्ति तक इस पद पर रहेगें। एलआईसी मे चार एमडी पद होते है, जिसमे सबसे वरिष्ठ एमडी को अंतरिम CEO बनाया जाता है।



67. HKU5-CoV-2 वायरस की पहचान किस देश मे की गई है ?

A - चीन
B - अमेरिका
C - भारत
D - जापान

चीन मे वैज्ञानिकों ने चमगादड़ों मे *HKU5-CoV-2* नामक नए वायरस की पहचान की है, जो मर्बेको वायरस समूह से संबंधित है, जिसमे MERS-CoV जैसे घातक वायरस शामिल है। यह वायरस फिलहाल मनुष्यों मे नहीं फैला है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार भविष्य मे मानव संक्रमण की संभावना है, खासकर वन्यजीवों से संपर्क के कारण। संभावित लक्षणों मे बुखार, सांस की दिक्कत, निमोनिया, किडनी फेल होना शामिल है



68. RBI ने NBFC-MFI के लिए अर्हक परिसंपत्ति सीमा को कितने प्रतिशत कर दिया है ?

A - 50%
B - 60%
C - 70%
D - 75%

भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) ने 6 जून 2025 को NBFC-MFI के लिए अर्हक परिसंपत्ति सीमा को 75% से घटाकर 60% कर दिया। ये संस्थाएं बिना गारंटी के छोटे ऋण देती है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं, छोटे किसानों और निम्न आय वर्ग को। बदलाव का उद्देश्य संस्थाओं को वित्तीय उत्पादों मे विविधता लाने और सेवा विस्तार की अनुमति देना है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**69. IMF की अप्रैल 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत GDP के आधार पर किस देश के बराबर पहुँच गया है ?**

A - जर्मनी
B - अमेरिका
**C - जापान**
D - चीन

अप्रैल 2025 मे IMF द्वारा जारी World Economic Outlook रिपोर्ट मे भारत को GDP के आधार पर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया गया है, जो अब जापान के बराबर है। भारत 2025 और 2026 मे 6.2% की अनुमानित वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।




**70. पटना के बिक्रम क्षेत्र मे नहर सौर परियोजना का उद्घाटन किसने किया ?**

A - भारत के प्रधानमंत्री
B - केंद्रीय ऊर्जा मंत्री
C - बिहार के राज्यपाल
**D - बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के बिक्रम लॉक क्षेत्र मे 2 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया, जो जल संसाधन विभाग की भूमि पर निजी निवेश से स्थापित की गई है। इससे सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ा और 25 वर्षों तक ₹3.10 प्रति यूनिट की दर से बिजली आपूर्ति होगी।



**71. RAM पर पाँचवाँ और अंतिम हितधारक परामर्श 3 जून 2025 को कहाँ आयोजित किया गया ?**

A - बेंगलुरु
B - हैदराबाद
**C - नई दिल्ली**
D - पुणे

3 जून 2025 को नई दिल्ली मे एंआई रेडीनेस असेसमेटं मेथडोलॉजी (RAM) पर पाँचवाँ और अंतिम हितधारक परामर्श आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य भारत मे नैतिक और जिम्मेदार एआई नीति का विकास करना था। यह आयोजन MeitY, इंडियाएआई मिशन, यूनेस्को दक्षिण एशिया कार्यालय और इकिगाई लॉ के सहयोग से हुआ।




**72. छठा स्टीफन अवग्यान मेमोरियल शतरंज टूर्नामेटं 2025 किसने जीता ?**

A - आर. प्रज्ञानानंद
**B - अरविंद चित्रंबरम**
C - विदित गुजराती
D - पेटांला हरिकृष्णा

भारतीय ग्रैडंमास्टर अरविंद चिथंबरम ने आर्मेनिया के जर्मुक मे आयोजित 6वां स्टेपान अवग्यान मेमोरियल शतरंज टूर्नामेटं 2025 जीत लिया। उन्होंने 9 राउंड मे 6.5 अंक हासिल किए और fellow ग्रैडंमास्टर आर. प्रज्ञानानंद के बराबर अंक होने के बावजूद टाईब्रेक के आधार पर विजेता घोषित किए गए। टाईब्रेक मे विरोधियों के प्रदर्शन की गुणवत्ता को आधार माना गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**73. UEFA Nations League 2025 का खिताब किस देश ने जीता ?**

A - फ्रांस
B - जर्मनी
**C - पुर्तगाल**
D - स्पेन

पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट (5-3) मे हंराकर 2025 UEFA नेशंस लीग का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 4–8 जून 2025 तक जर्मनी मे आयोजित हुआ था। सेमीफाइनल मे पुर्तगाल ने जर्मनी और स्पेन ने फ्रांस को हराया। फाइनल बराबरी पर खत्म हुआ और शूटआउट से फैसला हुआ।




**74. विश्व बालश्रम निषेध दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 10 जून
**B - 12 जून**
C - 15 जुलाई
D - 1 मई

विश्व बालश्रम निषेध दिवस हर साल 12 जून को मनाया जाता है और 2025 की थीम है “प्रगति स्पष्ट है, लेकिन अभी और काम करना बाकी है।” इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और समुचित विकास के अवसर देना और बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। बाल श्रम के मुख्य कारण गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक असमानता है।




**75. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 मे PRIs के लिए कौन-सी नई श्रेणी जोड़ी गई ?**

A - डिजिटल मिशन
B - सुशासन ग्राम योजना
**C - जमीनी पहल सेवा वितरण**
D - पंचायत नवाचार

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 मे पंचायती राज संस्थाओं के लिए डिजिटल सेवा वितरण की एक नई श्रेणी जोड़ी गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों मे सुशासन को बढ़ावा देना है। यह पहल पंचायती राज मंत्रालय और DARPG द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन के तहत शुरू की गई है। नई श्रेणी का नाम “ग्राम पंचायतों मे सेवा वितरण के लिए जमीनी स्तर की पहल” है।




**76. ICC हॉल ऑफ फेम 2025 मे शामिल होने वाले 11वे भारतीय क्रिकेटर कौन बने ?**

**A - एम.एस. धोनी**
B - रोहित शर्मा
C - विराट कोहली
D - राहुल द्रविड़

महेद्रं सिंह धोनी को ICC हॉल ऑफ फेम 2025 मे शामिल किया गया है, जिससे वे 11वे भारतीय क्रिकेटर बने है जिन्हे यह सम्मान मिला। इस साल कुल 7 खिलाड़ियों को चुना गया, जिनमे 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी है। पुरुषों मे धोनी के साथ हाशिम अमला, मैथ्यू हेडन, ग्रीम स्मिथ और डेनियल विटोरी को शामिल किया गया।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

77. राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (NIIF) की छठी शासी परिषद बैठक की अध्यक्षता किसने की ?

A - अमित शाह
B - पीयूष गोयल
C - नरेद्रं मोदी
D - निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली मे केद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता मे NIIF की छठी शासी परिषद की बैठक हुई, जिसमे उंसकी रणनीति और फंडों की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्तमान मे NIIF के पास ₹30,000 करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियाँ है, जिनसे ₹1.17 लाख करोड़ की पूंजी उत्प्रेरित हुई है। इसके चार सक्रिय फंड है:



78. भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम (SPMCIL) का नया कॉरपोरेट कार्यालय कहाँ स्थित है ?

A - मुंबई
B - नासिक
C - नोएडा
D - नौरोजी नगर, नई दिल्ली

केद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने नई दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेटंर मे SPMCIL के नए कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन किया। SPMCIL वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी है, जिसकी स्थापना 13 जनवरी 2006 को हुई थी। यह करंसी नोट, सिक्के, पासपोर्ट पेपर, डाक टिकट, स्टाम्प पेपर, और सुरक्षा स्याही का निर्माण करती है।



79. इंडोनेशिया ओपन 2025 मे पुंरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता ?

A - विक्टर एक्सेलसेन
B - एंडर्स एंटोनसेन
C - कुनलावुत वितिदसर्न
D - एंथनी सिनिसुका गिंटिंग

इंडोनेशिया ओपन 2025 का आयोजन 3 से 8 जून तक जकार्ता मे हुआ। यह BWF वर्ल्ड टूर सुपर 1000 श्रेणी का प्रतिष्ठित बैडमिंटन टूर्नामेटं है, जिसे बैडमिंटन का "Wimbledon" कहा जाता है। इसका आयोजन PBSI और BWF द्वारा किया गया। पुरुष एकल मे डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने पहली बार खिताब जीता। महिला एकल मे दक्षिण कोरिया की आन से-यॉन्ग ने दूसरी बार जीत हासिल की।



80. वेस्ट पिकर एन्यूमरेशन ऐप' किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया ?

A - पर्यावरण मंत्रालय
B - श्रम मंत्रालय
C - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
D - आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

5 जून 2025 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'Waste Picker Enumeration App' लॉन्च किया। इसका उद्देश्य देशभर मे 2.5 लाख कचरा बीनने वालों की डिजिटल प्रोफाइलिंग करना है। उन्हे फोटोयुक्त पहचान पत्र और PM-JAY योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। 750 सूखा कचरा संग्रह केद्रं इन श्रमिक समूहों को सौंपे जाएंगे। यह पहल 'नमस्ते योजना' के अंतर्गत है

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**81. राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NEVA) को अपनाने वाला देश का 29वाँ विधानमंडल कौन बना है ?**

A - दिल्ली
B - गोवा
**C - पुडुचेरी**
D - असम

केद्रं शासित प्रदेश पुडुचेरी 9 जून 2025 को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NEVA) अपनाने वाला देश का 29वां विधानमंडल बना। इससे पहले दिल्ली 28वां था और नागालैडं ने 2022 मे इंसे सबसे पहले अपनाया था। NEVA परियोजना संसद और राज्य विधानसभाओं को डिजिटल बनाने की 100% केद्रं वित्तपोषित पहल है, जिसे “One Nation, One Application” दृष्टिकोण के तहत लागू किया गया है।




**82. INS Guldar को डुबोकर अंडरवाटर म्यूजियम और कृत्रिम प्रवाल भित्ति (Coral Reef) कहाँ स्थापित की जाएगी ?**

A - मुंबई तट, महाराष्ट्र
**B - सिंधुदुर्ग तट, महाराष्ट्र**
C - कोचीन तट, केरल
D - विशाखापत्तनम तट, आंध्र प्रदेश

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग तट पर 20 फरवरी 2025 से INS Guldar को समुद्र मे डुंबोकर एक अंडरवाटर म्यूजियम और कृत्रिम प्रवाल भित्ति बनाने की परियोजना शुरू हुई। इसका उद्देश्य नौसेना की धरोहर को संरक्षित करना, समुद्री पर्यावरण को बढ़ावा देना और ईको-टूरिज्म को प्रोत्साहित करना है।



**83. भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने जून 2025 मे किस देश मे आयोजित सम्मेलन मे भाग लिया ?**

A - जर्मनी
B - स्विट्ज़रलैडं
**C - स्वीडन**
D - नीदरलैडं

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 10 जून 2025 को स्वीडन के स्टॉकहोम मे आयोजित International IDEA सम्मेलन मे मुंख्य भाषण दिया। यह सम्मेलन “निर्वाचन अखंडता” विषय पर 10–12 जून तक आयोजित हुआ, जिसमे 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



**84. FSIB ने 11 जून 2025 को किसे LIC के CEO और MD पद के लिए सिफारिश की ?**

A - एस के रॉय
**B - आर दुरईस्वामी**
C - सिद्धार्थ मोहंती
D - टी. वी. नरेद्रंन

11 जून 2025 को फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशंस ब्यूरो (FSIB) ने आर दुरईस्वामी को LIC के नए CEO और MD पद के लिए सिफारिश की। वर्तमान मे वे LIC मे प्रंबध निदेशक है और उन्हे कंपनी मे 38 वर्षों का अनुभव है। उनका विशेषज्ञता क्षेत्र संचालन, विपणन, तकनीकी क्रियान्वयन और प्रशिक्षण है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

85. किस बॉलीवुड अभिनेत्री को मालदीव का वैश्विक पर्यटन एम्बेसडर नियुक्त किया गया ?

A - आलिया भट्ट
B - दीपिका पादुकोण
C - कैटरीना कैफ़
D - प्रियंका चोपड़ा

10 जून 2025 को बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ़ को मालदीव की वैश्विक पर्यटन एम्बेसडर नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन (MMPRC) द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित यात्रा से पहले की गई। इसका उद्देश्य मालदीव को लग्ज़री ट्रैवल डेस्टिनेशन के रूप मे प्रमोट करना और भारत व दक्षिण एशिया से पर्यटकों को आकर्षित करना है।



86. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने किस वर्ष को 'महिला कृषक का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया है ?

A - 2024
B - 2025
C - 2026
D - 2030

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2026 को 'महिला कृषक का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया है ताकि खाद्य सुरक्षा और लैंगिक समानता मे उनकी भूमिका को उजागर किया जा सके। वैश्विक खाद्य आपूर्ति मे महिलाओं का योगदान 50% से अधिक है, जबकि भारत मे 80% महिलाएं कृषि मे सक्रिय है, पर केवल 14% के पास भूमि का स्वामित्व है। भारत सरकार ने महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन और फसल बीमा जैसी योजनाएँ शुरू की है।



87. 'हमली बुलबुल' के नाम से प्रसिद्ध कश्मीरी गायक का नाम क्या था जिनका 11 जून 2025 को निधन हुआ ?

A - गुलाम नबी डार
B - यूसुफ शाह
C - मेहबूब वानी
D - उस्ताद गुलाम नबी शाह

11 जून 2025 को कश्मीर के प्रसिद्ध गायक उस्ताद गुलाम नबी शाह, जिन्हे 'हमली बुलबुल' कहा जाता था, का निधन हो गया। वे बारामूला जिले के डांगीवाचा रफियाबाद मे अपने पैतृक घर मे अंतिम समय तक रहे। वे कश्मीरी लोक संगीत और 'बाचा नगमा' नृत्य शैली के महान जानकार थे। उन्होंने सूचना विभाग मे 30 वर्षों तक सेवा देकर कश्मीरी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया।



88. सिप्ला हेल्थ लिमिटेड के सिप्लाडाइन अभियान 'Fast Aid Expert' के लिए ब्रांड एंबेसडर कौन है ?

A - तब्बू
B - नीतू कपूर
C - नीना गुप्ता
D - शबाना आज़मी

सिप्ला हेल्थ लिमिटेड ने अपने प्रमुख एंटीसेप्टिक मलहम सिप्लाडाइन के लिए 'फास्ट एड एक्सपर्ट' नामक नया अभियान शुरू किया है, जिसमे अभिनेत्री नीना गुप्ता को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह मलहम पोविडोन आयोडीन (PVPI) पर आधारित है और घाव, जलन व कट जैसे चोटों पर 30 सेकंड मे असर दिखाना शुरू करता है। अभियान का संदेश है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**89. वेस्टइंडीज के किस स्टार बल्लेबाज़ ने जून 2025 मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की ?**



A - निकोलस पूरन
B - शिमरॉन हेटमायर
C - आंद्रे रसेल
D - कीमो पॉल

10 जून 2025 को वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने 29 वर्ष की उम्र मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश साझा किया, हालांकि संन्यास का कारण स्पष्ट नहीं बताया। पूरन T20I मे वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 106 मैचों मे 2275 रन बनाए। वनडे मे उन्होंने 61 मैचों मे 1983 रन बनाए और 39.66 की औसत से प्रदर्शन किया।

**90. विथूट' कार्यक्रम की शुरुआत किस राज्य मे की गई ?**



A - महाराष्ट्र
B - उत्तराखंड
C - केरल
D - तमिलनाडु

5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस पर केरल सरकार के वन विभाग ने 'विथूट' नामक वनीकरण कार्यक्रम शुरू किया। 'विथूट' का अर्थ बीजों की वर्षा है, जिसमे बीज बॉल्स को ड्रोन या हेलीकॉप्टर से गिराकर पारिस्थितिक पुनर्स्थापन किया जाएगा। ये बीज बॉल्स भूस्खलन, जंगल की आग, छोड़े गए बागानों, जलाशयों के कैचमेंट और जनजातीय कृषि भूमि जैसे क्षेत्रों मे गिराए जाएंगे।

**91. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के क्रियान्वयन के कितने वर्ष 9 जून 2025 को पूर्ण हुए ?**




A - 9 वर्ष
B - 8 वर्ष
C - 7 वर्ष
D - 10 वर्ष

9 जून 2025 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) ने 9 वर्ष पूरे किए। यह अभियान 9 जून 2016 को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच और देखभाल उपलब्ध कराना है ताकि मातृ व नवजात मृत्यु दर मे कमी लाई जा सके। हर माह की 9 तारीख को विशेष शिविर लगते है, जिनमे निजी डॉक्टर भी स्वैच्छिक रूप से भाग लेते है।

**92. मथुरा-वृंदावन रेलवे लाइन रूपांतरण परियोजना किस कारण से स्थायी रूप से बंद की गई ?**



A - पर्यावरणीय कारण
B - अत्यधिक लागत
C - नई लाइन विकल्प
D - अलाभकारी और स्थानीय विरोध

भारतीय रेल मंत्रालय ने मथुरा-वृंदावन मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज मे बदलने की परियोजना को स्थायी रूप से रद्द कर दिया है। 2017-18 मे शुरू हुई ₹402 करोड़ की इस योजना को आर्थिक रूप से अलाभकारी मानते हुए बंद किया गया। परियोजना के तटबंध डिजाइन का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, क्योंकि इससे गांवों और मोहल्लों के बीच संपर्क टूटने और दैनिक जीवन मे बाधा की आशंका थी।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**93. 'खान क्वेस्ट 2025' सैन्य अभ्यास का आयोजन किस देश मे हो रहा है ?**

A - भारत
B - मंगोलिया
C - अमेरिका
D - रूस

भारतीय सेना की एक टुकड़ी 14 से 28 जून 2025 तक मंगोलिया के उलानबटार मे बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट' मे भाग ले रही है। यह अभ्यास 2003 मे अमेरिका और मंगोलिया के बीच शुरू हुआ था और 2006 से संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना से जुड़े बहुराष्ट्रीय रूप मे विकसित हुआ। इसका 2025 संस्करण 22वां है, जिसका उद्देश्य सेनाओं की शांति मिशन की तैयारियों, अंतर-संचालन क्षमता और जटिल परिस्थितियों मे सैन्य कौशल को बेहतर बनाना है।



**94. अंतर्राष्ट्रीय अल्बिनिज्म जागरूकता दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 21 मार्च
B - 13 जून
C - 5 मई
D - 10 दिसंबर

13 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय अल्बिनिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य अल्बिनिज्म से प्रभावित लोगों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देना है। यह दिवस पहली बार 2015 मे मनाया गया था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 मे घोषित किया था। अल्बिनिज्म एक आनुवंशिक विकार है जिसमे मेलानिन रंजक की कमी के कारण त्वचा, बाल और आंखों का रंग हल्का हो जाता है।




**95. 'उज्जीवन रिवार्ड्ज़' लॉयल्टी प्रोग्राम किस बैंक द्वारा लॉन्च किया गया है ?**

A - AU स्मॉल फाइनेंस बैंक
B - फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक
C - उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक
D - जनलक्ष्मी स्मॉल फाइनेंस बैंक

12 जून 2025 को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने "उज्जीवन रिवार्ड्ज़" नामक ग्राहक लॉयल्टी प्रोग्राम लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहित करना और उनके साथ दीर्घकालिक संबंध बनाना है। यह कार्यक्रम AdvantageClub.ai के सहयोग से विकसित किया गया है।

ujjivan SMALL FINANCE BANK
Build a Better Life

**96. अलेक्जेंडर पायने को 2025 मे किस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा ?**

A - ऑस्कर
B - गोल्डन ग्लोब
C - मानद तेंदुआ पुरस्कार
D - कान्स पाम डी'ओर

अमेरिकी फिल्म निर्देशक अलेक्जेंडर पायने को 78वे लोकार्नो फिल्म महोत्सव 2025 मे मानद तेंदुआ पुरस्कार (Pardo d'onore) से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हे 15 अगस्त को स्विट्ज़रलैंड के लोकार्नो मे प्रदान किया जाएगा। यह महोत्सव का सर्वोच्च सम्मान है, जो सिनेमा मे जीवनपर्यंत उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

97. विश्व रक्तदाता दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 7 अप्रैल
B - 1 दिसंबर
C - 14 जून
D - 12 अगस्त

14 जून 2025 को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया, जिसकी थीम "रक्त दे, आशा दे: साथ मिलकर हम जीवन बचाते है" थी। इसका उद्देश्य रक्त और प्लाज्मा की आवश्यकता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित करना है। यह नई पीढ़ी को रक्तदान के लिए प्रेरित करता है और सुरक्षित, नियमित रक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने मे मंदद करता है।




98. हाल ही मे अंमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (AMA) के 180वे अध्यक्ष कौन बने ?

A - विलियम अंडरवुड
B - ब्रूस A. स्कॉट
C - बॉबी मुक्कामाला
D - विलियम अंडरसन

10 जून 2025 को भारतीय मूल के डॉक्टर बॉबी मुक्कामाला ने अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (AMA) के 180वे अध्यक्ष के रूप मे शपथ ली, इस पद पर पहुंचने वाले वह पहले भारतीय मूल के व्यक्ति है। वे कान, नाक और गले (ENT) रोगों के विशेषज्ञ है और उनका चयन अमेरिका मे भारतीयों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। AMA अमेरिका के डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों का सबसे बड़ा पेशेवर संघ है




99. SEBI ने निवेश सुरक्षा को बढ़ाने के लिए हाल ही मे कौन-सी नई डिजिटल पहल शुरू की है ?

A - SEBI Check ऐप
B - SEBI Guard
C - Investor Safe Portal
D - UPI Shield

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) ने निवेशकों की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए सभी पंजीकृत वित्तीय मध्यस्थों को '@valid' डोमेन वाला नया UPI एड्रेस अनिवार्य किया है, जो 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रमाणित मध्यस्थों की पहचान को आसान बनाना है। नया UPI एड्रेस जैसे abc.bkr@validhdfc होगा।




100. केद्रं सरकार ने 11 जून, 2025 को कितनी लागत की दो नई रेलवे मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी ?

A - ₹4,000 करोड़
B - ₹5,200 करोड़
C - ₹8,150 करोड़
D - ₹6,405 करोड़

11 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की अध्यक्षता मे केद्रीय मंत्रिमंडल ने 6,405 करोड़ रुपये की लागत से दो नई रेलवे मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिन्हे पीएम-गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत स्वीकृत किया गया। ये परियोजनाएं झारखंड मे कोडरमा-बरकाकाना (113 किमी) और कर्नाटक-आंध्र प्रदेश मे बेल्लारी-चिकजाजुर (185 किमी) तक फैली होंगी, जिससे कुल 318 किमी रेलवे विस्तार होगा और सात जिलों को जोड़ा जाएगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**101. हाल ही मे एंयर इंडिया की AI-171 फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने से किस वरिष्ठ नेता का निधन हो गया ?**

A - शिवराज सिंह चौहान
**B - विजय रूपाणी**
C - वसुंधरा राजे
D - रमन सिंह

12 जून 2025 को एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 लंदन जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमे गुंजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित सभी 242 यात्रियों की मृत्यु हो गई। यह हादसा भारतीय राजनीति के लिए गहरा आघात है। विजय रूपाणी का जन्म 1956 मे यांगून मे हुआ और वे राजकोट, गुजरात मे पंले-बढ़े। उन्होंने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और आरएसएस व एबीवीपी से जुड़कर राजनीति मे आए।



**102. हाल ही मे किस फुटबॉल आइकन को Esports World Cup 2025 के लिए ग्लोबल एम्बेसडर नियुक्त किया गया है ?**

A - लियोनेल मेस्सी
**B - क्रिस्टियानो रोनाल्डो**
C - नेमार जूनियर
D - काइलीन एमबाप्पे

13 जून 2025 को Esports World Cup Foundation (EWCF) ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो को ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2025 का वैश्विक राजदूत नियुक्त किया। यह कदम पारंपरिक खेल और ईस्पोर्ट्स के बीच ऐतिहासिक जुड़ाव को दर्शाता है, जिससे ईस्पोर्ट्स को नई पहचान और वैधता मिली है।




**103. हाल ही मे ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप 2025 मे महिलाओं की 10 किमी रेसवॉक मे किस भारतीय एथलीट ने पहला स्थान प्राप्त किया ?**

**A - प्रियंका गोस्वामी**
B - भावना जाट
C - कविता यादव
D - अंजलि देवी

प्रियंका गोस्वामी ने ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप 2025 मे महिलाओं की 10 किमी रेस वॉक मे 47 मिनट 54 सेकंड मे रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। यह इस सत्र का उनका पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण है। बीमारी और पेनल्टी के बावजूद यह जीत उनकी मानसिक दृढ़ता और वापसी की क्षमता को दर्शाती है। वह 20 किमी रेस वॉक मे राष्ट्रीय रिकॉर्ड (1:28:45) की धारक है




**104. विश्व बुज़ुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस (WEAAD) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

A - 1 अक्टूबर
**B - 15 जून**
C - 21 सितंबर
D - 30 जुलाई

15 जून को प्रतिवर्ष विश्व बुज़ुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहार के प्रति वैश्विक चेतना फैलाना है। वर्ष 2025 की थीम थी : "दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं मे वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार को संबोधित करना : डेटा और कार्रवाई के माध्यम से", जिसमे संस्थागत पारदर्शिता और नीतिगत प्रयासों पर ज़ोर दिया गया।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**105. सलीम अख्तर, जिनका हाल ही मे निधन हुआ, किस माध्यम से प्रसिद्ध हुए थे ?**

A - उर्दू साहित्य
B - दूरदर्शन नाटक
**C - आकाशवाणी समाचार वाचन**
D - फिल्म निर्देशन

13 जून 2025 को वरिष्ठ उर्दू समाचार वाचक सलीम अख्तर का नई दिल्ली मे 76 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। उन्होंने लगभग 25 वर्षों तक आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग मे कार्य किया और अपनी स्पष्ट उच्चारण, भाषाई शुद्धता और गंभीर आवाज़ के लिए ख्याति प्राप्त की। वे ऐतिहासिक घटनाओं की गरिमामयी प्रस्तुति और उर्दू प्रसारण मे साहित्यिक सौंदर्य लाने के लिए जाने जाते थे।



**106. 'मुख्यमंत्री जीवन अनुप्रेरणा योजना' किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है ?**

A - बिहार
B - महाराष्ट्र
**C - असम**
D - झारखंड

हाल ही मे असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने "मुख्यमंत्री जीवन अनुप्रेरणा योजना" की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत सामान्य शोधार्थियों को ₹25,000 और दिव्यांग शोधार्थियों को ₹40,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह योजना केवल असम के स्थायी निवासी शोधकर्ताओं के लिए है



**107. हाल ही मे NSE इंटरनेशनल एक्सचेंज (NSE IX) पर ग्रीन बॉन्ड सूचीबद्ध करने वाला पहला विदेशी कॉर्पोरेट जारीकर्ता कौन बना ?**

A - HSBC
**B - DFCC बैंक**
C - Standard Chartered
D - Axis Bank

श्रीलंका के DFCC बैंक ने हाल ही मे अपना ग्रीन बॉन्ड भारत के NSE इंटरनेशनल एक्सचेंज (NSE IX), GIFT सिटी, गुजरात मे सूचीबद्ध किया, जिससे वह ऐसा करने वाला पहला विदेशी कॉर्पोरेट बन गया। यह बॉन्ड LKR 2.5 बिलियन (लगभग ₹65 करोड़) मूल्य का है, जो रूफटॉप और ग्राउंड-माउंटेड सौर परियोजनाओं को समर्थन देगा।



**108. हाल ही मे किस स्वदेशी VTOL ड्रोन का परीक्षण पोखरण फायरिंग रेंज मे किया गया ?**

**A - रुद्रास्त्र**
B - गरुड़
C - नागास्त्र
D - आकाश बाण

राजस्थान की पोखरण फायरिंग रेंज मे स्वदेशी VTOL ड्रोन 'रुद्रास्त्र' का सफल परीक्षण किया गया, जिसे SDAL लिमिटेड ने विकसित किया है। यह परीक्षण आत्मनिर्भर भारत के रक्षा क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा मे एक अहम कदम है। 'रुद्रास्त्र' की VTOL तकनीक इसे बिना रनवे के उड़ान भरने और उतरने मे सक्षम बनाती है, जिससे यह सीमावर्ती और कठिन इलाकों मे भी प्रभावी ढंग से उपयोगी है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**109. हाल ही मे किसे सन फार्मा का नया प्रबंध निदेशक (MD) नियुक्त किया गया है ?**

A - दिलीप सांघवी
B - रमेश कुमार
C - संजय जोशी
**D - कीर्ति गणोरकर**

सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कीर्ति गणोरकर को नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है, जो 1 सितंबर 2025 से पदभार संभालेगें। वे 1996 से कंपनी से जुड़े है और 2019 से भारत के व्यवसाय प्रमुख के रूप मे कार्यरत थे। कंपनी के संस्थापक दिलीप सांघवी अब कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। गणोरकर की नियुक्ति से कंपनी को नेतृत्व मे निरंतरता और अनुभव का लाभ मिलेगा।



**110. अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (ILC) का 113वाँ अधिवेशन किस स्थान पर आयोजित किया गया ?**

A - न्यूयॉर्क, अमेरिका
B - पेरिस, फ्रांस
C - वाशिंगटन डीसी
**D - जिनेवा, स्विट्ज़रलैडं**

113वां अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (ILC) 2 से 13 जून 2025 तक जिनेवा, स्विट्ज़रलैडं मे आयोजित हुआ, जिसे 'श्रमिकों की संसद' भी कहा जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक श्रम मानकों का निर्माण और समीक्षा करना है। इस बार जैविक खतरों से सुरक्षा, प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था मे संभ्य कार्य और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण पर चर्चा हुई।



**111. विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा रोकथाम दिवस कब मनाया जाता है ?**

**A - 17 जून**
B - 5 जून
C - 11 जुलाई
D - 10 अक्टूबर

विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस हर वर्ष 17 जून को मनाया जाता है, ताकि भूमि क्षरण, सूखा और मरुस्थलीकरण की समस्याओं पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाई जा सके। वर्ष 2025 की थीम "Restore the Land. Unlock the Opportunities" है, जो भूमि पुनर्स्थापन और नए अवसरों के सृजन पर बल देती है।




**112. हाल ही मे किस केंद्रीय मंत्री ने एग्री-ड्रोन सुविधा, 300 CoE और TTT कार्यक्रम का उद्घाटन किया ?**

A - नरेद्रं सिंह तोमर
B - मनोज सिन्हा
**C - कमलेश पासवान**
D - प्रह्लाद पटेल

14 जून 2025 को केद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने चेन्नई मे गंरुड़ एयरोस्पेस की एग्री-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर 300 सेटंर ऑफ एक्सीलेसं (CoEs) और DGCA अनुमोदित "Train the Trainer" कार्यक्रम की शुरुआत भी हुई। ड्रोन दीदी द्वारा लाइव डेमो से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**113. भारत म्यूनिख ISSAF 2025 पदक तालिका मे किस स्थान पर रहा ?**

A - तृतीय
B - द्वितीय
C - प्रथम
D - चतुर्थ

भारत ने 8 से 15 जून 2025 तक म्यूनिख, जर्मनी मे आयोजित आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप मे शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 2 कांस्य सहित कुल 4 पदक जीते और पदक तालिका मे तीसरा स्थान हासिल किया। सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल मे स्वर्ण, जबकि आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने मिश्रित टीम स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता।




**114. प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को 16 जून 2025 को साइप्रस के किस सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया ?**

A - Order of Honour
B - Grand Cross of the Order of Makarios III
C - Order of Freedom
D - Grand Collar of Merit

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को 16 जून 2025 को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान “Grand Cross of the Order of Makarios III” से सम्मानित किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कूटनीति मे उनके योगदान को मान्यता देता है। यह सम्मान साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स ने प्रदान किया और मोदी ने इसे भारत-साइप्रस मित्रता को समर्पित किया।



**115. ब्लेज़ मेट्रेवेली किस देश की विदेशी खुफिया एजेसी की पहली महिला प्रमुख बनी है ?**

A - अमेरिका
B - फ्रांस
C - जर्मनी
D - यूनाइटेड किंगडम

ब्लेज़ मेट्रेवेली को 15 जून 2025 को यूनाइटेड किंगडम की खुफिया एजेसी MI6 की पहली महिला प्रमुख नियुक्त किया गया, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने G7 शिखर सम्मेलन के दौरान की। यह MI6 के 116 वर्षों के इतिहास मे एक ऐतिहासिक बदलाव है, जो खुफिया नेतृत्व मे लैंगिक समानता की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है। मेट्रेवेली, 47 वर्ष की है



**116. भारत ने 2025 मे किसे उत्तर कोरिया मे अपना नया राजदूत नियुक्त किया है ?**

A - एलियावती लोंगकुमर
B - अतुल गोटसुरवे
C - सीमा पुजारी
D - विवेक कात्याल

भारत ने चार साल बाद एलियावती लोंगकुमर को उत्तर कोरिया मे नया राजदूत नियुक्त किया है, जिससे प्योंगयांग मे उच्चस्तरीय राजनयिक उपस्थिति बहाल हुई है। कोविड-19 के चलते 2021 मे दूतावास अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसे दिसंबर 2024 मे पुनः खोला गया। लोंगकुमर 2008 बैच की IFS अधिकारी है और पूर्व मे पराग्वे मे कार्य कर चुकी है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

117. भारत के G20 शेरपा पद से हाल ही मे किस वरिष्ठ नौकरशाह और सुधारवादी ने आधिकारिक रूप से इस्तीफा दे दिया है ?

A - राजीव कुमार
B - अमिताभ कांत
C - वी.के. पॉल
D - अरविंद सुब्रमण्यम

16 जून 2025 को अमिताभ कांत ने G20 शेरपा पद से इस्तीफा देकर 45 वर्षों की सार्वजनिक सेवा का समापन किया। उन्होंने आगे स्टार्टअप, शोध, शिक्षा और उद्यमिता मे कार्य करने की इच्छा जताई। G20 शेरपा के रूप मे उन्होंने समावेशी विकास, डिजिटल ढांचे और जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक सहमति बनाने मे योगदान दिया।



118. मेटा ने भारत मे नया मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमुख किसे नियुक्त किया है ?

A - संध्या देवनाथन
B - शिवनाथ ठुकराल
C - निखिल रंजन
D - अरुण श्रीनिवास

मेटा ने अरुण श्रीनिवास को 1 जुलाई 2025 से भारत का नया मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमुख नियुक्त किया है। वे संध्या देवनाथन को रिपोर्ट करेंगे और शिवनाथ ठुकराल का स्थान लेंगे। IIM कोलकाता से प्रबंधन मे डिग्री प्राप्त श्रीनिवास को विपणन और बिक्री मे 30 वर्षों का अनुभव है।



119. FIFA क्लब विश्व कप 2025 का फाइनल किस स्टेडियम मे आयोजित होगा ?

A - लूमन फील्ड
B - मर्सिडीज़-बेंज स्टेडियम
C - मेटलाइफ स्टेडियम, न्यू जर्सी
D - रोज़ बाउल

FIFA क्लब विश्व कप 2025 पहली बार अमेरिका मे 32 टीमों के विस्तारित प्रारूप मे हो रहा है, जो 2026 वर्ल्ड कप की तैयारी का हिस्सा है। पहले सिर्फ 7 टीमों वाला यह टूर्नामेंट अब 63 मैचों के साथ करीब 4 हफ्ते चलेगा और 11 शहरों मे आयोजित होगा। टीमे 8 ग्रुपों मे बंटी है, जिनमे से शीर्ष 2 टीमे अंतिम-16 मे पहुँचेगी।



120. हर वर्ष 'हेट स्पीच के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है ?

A - 10 दिसंबर
B - 18 जून
C - 21 मार्च
D - 2 अक्टूबर

18 जून 2025 को 'घृणास्पद भाषण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाया गया, जिसकी थीम थी — "बहु-हितधारक दृष्टिकोण से कानूनी व गैर-कानूनी उपायों को बढ़ाना"। यह दिवस 2021 मे UN महासभा द्वारा घोषित किया गया था, ताकि धर्म, जाति, लिंग या राष्ट्रीयता के आधार पर फैलाए जाने वाले नफरत भरे भाषणों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई जा सके।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**121. अल्टीमेट टेबल टेनिस (UTT) 2025 का खिताब किस टीम ने जीता है ?**




A - यू मुंबा TT　　B - चेन्नई लायनर्स

C - जयपुर पैट्रियट्स　　D - गोवा चैलेंजर्स

यू मुंबा TT ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (UTT) 2025 का खिताब जीतते हुए सीज़न 6 का समापन किया, जहां उन्होंने फाइनल मे जयपुर पैट्रियट्स को 8-4 से हराया। यह फाइनल अहमदाबाद मे आयोजित हुआ। हरमीत देसाई को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और यू मुंबा की कप्तान बर्नडेट स्ज़ोक्स को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी घोषित किया गया। प्यूर्टो रिको की एड्रियाना डियाज़ को "शॉट ऑफ द लीग" का पुरस्कार मिला।

**122. ICC महिला वनडे विश्व कप 2025 की मेजबानी कौन-से देश कर रहे है ?**



A - भारत और बांग्लादेश　　B - भारत और श्रीलंका

C - भारत और इंग्लैडं　　D - भारत और ऑस्ट्रेलिया

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने महिला वनडे विश्व कप 2025 का कार्यक्रम घोषित किया है, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका मे आयोजित होगा। उद्घाटन मैच भारत और श्रीलंका के बीच बेगंलुरु मे खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 1 अक्टूबर को इंदौर मे न्यूजीलैडं से भिड़ेगा। भारत मे मैच बेगंलुरु, इंदौर, विशाखापत्तनम और गुवाहाटी मे होंगे, जबकि श्रीलंका के मैच कोलंबो मे होंगे। सेमीफाइनल बेगंलुरु और कोलंबो मे खेले जाएंगे।

**123. इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) का पहला अध्यक्ष किसे चुना गया है ?**



A - नरेद्रं मोदी　　B - एस. पी. यादव

C - भूपेद्रं यादव　　D - आर. के. सिंह

16 जून 2025 को केद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेद्रं यादव को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) का सर्वसम्मति से पहला अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय नई दिल्ली मे आयोजित पहली सभा मे लिया गया, जहाँ भारत की इस वैश्विक पहल को औपचारिक रूप से सक्रिय किया गया।

**124. पूर्व अंतरराष्ट्रीय और ओलंपियन भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के लिए आयोजित विशेष राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कहाँ किया जा रहा है ?**



A - ध्यानचंद स्टेडियम, लखनऊ　　B - नेहरू हॉकी स्टेडियम, दिल्ली

C - के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम, भोपाल　　D - मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम, चेन्नई

भारत मे पहली बार पूर्व अंतरराष्ट्रीय और ओलंपियन हॉकी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेटं आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 18 से 27 जून 2025 तक चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम मे होगा। पुरुष वर्ग मे 40 वर्ष और उससे अधिक, जबकि महिला वर्ग मे 35 वर्ष और उससे अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकेगें।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**125. भारत का अब तक का सबसे बड़ा जनजातीय सशक्तिकरण अभियान कौन-सा है, जिसे 15 जून 2025 को जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया ?**



A - वनबंधु कल्याण योजना
B - धरती आबा अभियान
C - जनजातीय न्याय योजना
D - आदिवासी विकास मिशन

15 जून 2025 को जनजातीय कार्य मंत्रालय ने "धरती आबा अभियान" की शुरुआत की, जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा जनजातीय सशक्तिकरण अभियान है। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों मे संरकारी योजनाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। "धरती आबा" नाम बिरसा मुंडा जैसे जननायकों के सम्मान को दर्शाता है। यह अभियान 15 से 30 जून 2025 तक चलेगा और PM-JANMAN व DAJGUA योजनाओं का हिस्सा है।

**126. 15 जून 2025 को पोल वॉल्ट मे नया विश्व रिकॉर्ड किस एथलीट ने बनाया ?**



A - आर्मंड डुप्लांटिस
B - हंटर बेल
C - फेमके बोल
D - नील्सन लावरन

15 जून 2025 को स्वीडन के पोल वॉल्ट एथलीट आर्मंड डुप्लांटिस ने स्टॉकहोम डायमंड लीग मे 6.28 मीटर की छलांग लगाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह उनकी 12वीं बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने की उपलब्धि है। उन्होंने पिछला रिकॉर्ड 6.27 मीटर फरवरी 2025 मे बनाया था। यह पहली बार था जब उन्होंने स्वदेश स्वीडन मे यह रिकॉर्ड बनाया, जिससे यह क्षण उनके लिए भावनात्मक रूप से विशेष रहा।

**127. Cyber Suraksha' नामक 12 दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास का आयोजन किसने किया ?**




A - DRDO
B - RAW
C - National Security Council Secretariat
D - Defence Cyber Agency

16 जून 2025 को रक्षा साइबर एजेंसी ने 'Cyber Suraksha' नामक 12 दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास शुरू किया, जो 27 जून तक चलेगा। इसका उद्देश्य 100 से अधिक रक्षा और सुरक्षा अधिकारियों को यथार्थ आधारित साइबर खतरों से निपटने का प्रशिक्षण देना है। यह अभ्यास इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के तहत कार्यरत Defence Cyber Agency द्वारा आयोजित किया जा रहा है

**128. भारत की किस महिला टेनिस खिलाड़ी ने फ्रांस की एलिस रॉब के साथ मिलकर 2025 मे गुइमारेस (पुर्तगाल) ITF डबल्स खिताब जीता ?**



A - सानिया मिर्ज़ा
B - रुतुजा भोसले
C - अंकिता रैना
D - करमन कौर थांडी

15 जून 2025 को भारत की टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने फ्रांस की एलिस रॉब के साथ मिलकर गुइमारेस, पुर्तगाल मे आयोजित $40,000 ITF महिला डबल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। उन्होंने जापान की जोड़ी हिरोमी अबे और कनाको मोरिसाकी को 1-6, 6-4, [10-8] से हराया। पहले सेट मे हार के बावजूद अंकिता और एलिस ने शानदार वापसी की।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

129. भारत का पहला राज्य कौन बना जिसने मोबाइल आधारित ई-वोटिंग प्रणाली शुरू की ?

A - गुजरात　　B - महाराष्ट्र

C - बिहार　　D - कर्नाटक

बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने मोबाइल आधारित ई-वोटिंग प्रणाली की शुरुआत की है, जिससे बिहार भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने यह तकनीक अपनाई है। यह प्रणाली 28 जून 2025 को नगर निकाय चुनावों मे लागू होगी, जिसमे मतदाता मोबाइल ऐप के माध्यम से दूरस्थ मतदान कर सकेगें।



130. भारत का पहला राज्य कौन बना जिसने मोबाइल आधारित ई-वोटिंग प्रणाली शुरू की ?

A - गुजरात　　B - महाराष्ट्र

C - बिहार　　D - कर्नाटक

बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने मोबाइल आधारित ई-वोटिंग प्रणाली की शुरुआत की है, जिससे बिहार भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने यह तकनीक अपनाई है। यह प्रणाली 28 जून 2025 को नगर निकाय चुनावों मे लागू होगी, जिसमे मतदाता मोबाइल ऐप के माध्यम से दूरस्थ मतदान कर सकेगें।



131. भिलाई इस्पात संयंत्र को वर्ष 2025 मे ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड किस श्रेणी मे प्रदान किया गया ?

A - पर्यावरण संरक्षण　　B - शिक्षा विकास

C - हेल्थकेयर प्रमोशन　　D - महिला सशक्तिकरण

भिलाई इस्पात संयंत्र को वर्ष 2025 मे "हेल्थकेयर प्रमोशन" श्रेणी मे 11वां ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड मिला है। यह सम्मान ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली मे आयोजित समारोह मे प्रदान किया गया। पुरस्कार संयंत्र की ओर से पवन कुमार, शिवराजन और सुशील कामड़े ने ग्रहण किया। यह संयंत्र स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के अधीन कार्यरत है




132. प्रत्येक वर्ष 'विश्व सिकल सेल दिवस' कब मनाया जाता है ?

A - 19 जून　　B - 18 जून

C - 1 जुलाई　　D - 21 जून

हर साल 19 जून को 'विश्व सिकल सेल दिवस' मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 2008 मे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी। इसका उद्देश्य सिकल सेल रोग को वैश्विक स्वास्थ्य समस्या के रूप मे पहचान देना और समाधान को बढ़ावा देना है। वर्ष 2025 की थीम है – "वैश्विक कार्रवाई, स्थानीय प्रभाव : प्रभावी स्व-वकालत के लिए समुदायों को सशक्त बनाना।" यह रोग एक आनुवंशिक रक्त विकार है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**133. BCCI जूनियर खिलाड़ियों की आयु सत्यापन के लिए किस वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करता है ?**




A - MRI स्कैन
B - CT स्कैन
C - TW3 (Tanner-Whitehouse 3)
D - DNA प्रोफाइलिंग

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने जूनियर क्रिकेट के खिलाड़ियों के लिए आयु सत्यापन प्रक्रिया मे बदलाव किया है। पहले TW3 पद्धति के तहत अस्थि आयु मे स्वतः एक वर्ष जोड़ने की नीति थी, जिससे कई पात्र खिलाड़ी अयोग्य हो जाते थे। अब खिलाड़ी दोबारा अस्थि परीक्षण कराकर अपनी पात्रता सिद्ध कर सकेगें। यह प्रक्रिया अधिक वैज्ञानिक और मानवीय मानी जा रही है।

**134. अफ्रीका मे धार्मिक स्वतंत्रता पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किस शहर मे आयोजित हुआ ?**

A - अबूजा
B - अदीस अबाबा
C - केप टाउन
D - नैरोबी

17 जून 2025 को केन्या की राजधानी नैरोबी मे अफ्रीका मे धार्मिक स्वतंत्रता पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इसका आयोजन ग्लोबल पीस फाउंडेशन, पेपरडाइन विश्वविद्यालय और धार्मिक स्वतंत्रता संस्थान ने मिलकर किया। सम्मेलन का शीर्षक था – "अफ्रीका एक साथ : धार्मिक स्वतंत्रता के लिए एक महाद्वीपीय आह्वान"। इससे पूर्व यह सम्मेलन 2024 मे प्राग (चेक गणराज्य) मे हुआ था।

IRF Summit

**135. 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3' किस देश द्वारा शुरू किया गया एक जवाबी सैन्य अभियान है ?**



A - इज़राइल
B - ईरान
C - सऊदी अरब
D - अमेरिका

ईरान ने इजरायली हमलों के जवाब मे "ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3" नामक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य इजरायल की रक्षा प्रणाली को कमजोर करना और हमलों का प्रतिशोध लेना था। यह अभियान ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) द्वारा संचालित हुआ और सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व के निर्देश पर चला।

**136. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने किस वर्ष को "अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष" घोषित किया है ?**



A - वर्ष 2024
B - वर्ष 2025
C - वर्ष 2027
D - वर्ष 2026

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2026 को "अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष" घोषित किया है, ताकि वैश्विक कृषि मे महिलाओं के योगदान को मान्यता मिल सके और लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश मे यह पहल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां 80% आर्थिक रूप से सक्रिय महिलाएं कृषि से जुड़ी है, लेकिन केवल 8.3% के पास भूमि का स्वामित्व है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

137. भारत की पहली महिला आर्थिक मामलों की सचिव कौन बनी है ?

A - दीप्ति गौर मुखर्जी
B - अनुराधा ठाकुर
C - ममता वर्मा
D - अलका त्यागी

1994 बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की IAS अधिकारी अनुराधा ठाकुर को SEBI के बोर्ड मे पंदेन सदस्य नियुक्त किया गया है और वे 1 जुलाई 2025 से कार्यभार संभालेगी। वे सेवानिवृत्त हो रहे अजय सेठ का स्थान लेगी और भारत की पहली महिला आर्थिक मामलों की सचिव बनने का गौरव प्राप्त करेगी।

138. वर्ष 2025 मे वरिष्ठ पत्रकार श्री राम बहादुर राय को किस सम्मान से सम्मानित किया गया ?



A - पद्म श्री
B - पद्म भूषण
C - भारत रत्न
D - पद्म विभूषण

वरिष्ठ पत्रकार और सांस्कृतिक चिंतक श्री राम बहादुर राय को वर्ष 2025 मे पंद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हे पंत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र मे उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। 18 जून को IGNCA, दिल्ली मे आयोजित समारोह मे गृह मंत्रालय के महानिदेशक सतपाल चौहान ने उन्हे यह सम्मान प्रदान किया, क्योंकि वे राष्ट्रपति भवन के मुख्य समारोह मे उपस्थित नहीं हो सके।

139. एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फेस्टिवल 2025 मे किस भारतीय एनिमेशन फिल्म ने जूरी पुरस्कार (Jury Prize) जीता ?




A - बम्बई रोज
B - देसी ऊन
C - फोर मोर शॉट्स
D - द काफिला

भारतीय एनीमेशन फिल्म 'देसी ऊन' ने एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फेस्टिवल 2025 मे सर्वश्रेष्ठ कमीशन्ड फिल्म के लिए जूरी पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है, यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म भारत की डेक्कनी भेड़ों की ऊन, बुनकरों, चरवाहों और उनकी जीवनशैली पर आधारित है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण को दर्शाती है।

140. विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?




A - 5 जून
B - 8 जून
C - 21 जून
D - 25 जुलाई

21 जून 2025 को विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस "सीबेड मैपिंग : इनेबलिंग ओशन एक्शन" थीम के साथ मनाया गया, जो महासागर तल की सटीक मैपिंग के महत्व को रेखांकित करता है। हाइड्रोग्राफी समुद्र, नदियों और झीलों की भौतिक विशेषताओं के अध्ययन से जुड़ी है और यह सुरक्षित नौवहन, तटीय प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और आपदा न्यूनीकरण मे सहायक है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**141. ICC महिला T20 विश्व कप 2026 की मेज़बानी कौन-सा देश करेगा ?**

A - ऑस्ट्रेलिया
B - भारत
C - न्यूजीलैंड
**D - इंग्लैंड**

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड मे होगा, जिसमे पहली बार 12 टीमे भाग लेगी। यह अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 विश्व कप होगा। पिछला संस्करण 2024 मे न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर जीता था। 2026 के प्रमुख वेन्यू हेडिंग्ले, एजबेस्टन, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल और लॉर्ड्स है।




**142. ईरान मे फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार द्वारा जून 2025 मे शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम क्या है ?**

A - ऑपरेशन गंगा
B - ऑपरेशन राहत
**C - ऑपरेशन सिंधु**
D - ऑपरेशन सागर

भारत सरकार ने ईरान-इजरायल युद्ध की स्थिति मे ईरान मे फंसे भारतीयों की सुरक्षित निकासी के लिए 18 जून 2025 को "ऑपरेशन सिंधु" शुरू किया। पहले चरण मे 110 भारतीय छात्रों को ईरान के उत्तरी हिस्से से सड़क मार्ग द्वारा आर्मेनिया ले जाकर विशेष विमान से नई दिल्ली लाया गया। यह अभियान ईरान और आर्मेनिया सरकार के सहयोग से संचालित हो रहा है।



**143. INS अर्नाला को कहाँ पर कमीशन किया गया ?**

**A - विशाखापत्तनम नौसेना डॉकयार्ड**
B - कोच्चि शिपयार्ड
C - मुंबई नौसेना डॉक
D - पोर्ट ब्लेयर

18 जून 2025 को भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम मे INS अर्नाला को कमीशन किया, जो भारत का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) है। यह 16 जहाजों की श्रृंखला मे पहला है और पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है, जिसमे 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है।



**144. FASTag वार्षिक पास योजना घोषणा किस केंद्रीय मंत्री ने की ?**

A - निर्मला सीतारमण
B - पीयूष गोयल
**C - नितिन गडकरी**
D - राजनाथ सिंह

भारत सरकार ने 18 जून 2025 को निजी कार, जीप और वैन जैसे चार-चक्का वाहनों के लिए ₹3,000 का FASTag आधारित वार्षिक पास लॉन्च किया, जो 15 अगस्त 2025 से लागू होगा। यह पास 200 यात्राओं या 1 वर्ष, जो पहले हो, तक सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल फ्री यात्रा की सुविधा देगा।



**145. विश्व शरणार्थी दिवस हर वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?**

**A - 20 जून** | B - 15 जुलाई

C - 5 जून | D - 10 दिसंबर

विश्व शरणार्थी दिवस हर साल 20 जून को मनाया जाता है, और 2025 की थीम "शरणार्थियों के साथ एकजुटता" है। इसका उद्देश्य शरणार्थियों के संघर्ष, अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं जैसे शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिवस की शुरुआत 2001 मे 1951 की शरणार्थी संधि की 50वीं वर्षगांठ पर हुई थी और इसका आयोजन UNHCR करता है।




**146. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?**

A - 1 मई | **B - 21 जून**

C - 5 जून | D - 15 अगस्त

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को 21 जून को "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम के साथ मनाया जाएगा, जो इसकी 11वीं वर्षगांठ है। इसकी शुरुआत 2014 मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र मे प्रस्ताव के बाद हुई थी और पहला योग दिवस 2015 मे मनाया गया। 21 जून को ग्रीष्म संक्रांति होने के कारण इसे चुना गया, जो ऊर्जा और संतुलन का प्रतीक है।



**147. हाल ही मे किस भारतीय मूल के वैज्ञानिक को MIT का नया प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है ?**

A - राज रेड्डी | B - संजय गुप्ता

**C - अनंता चंद्रकासन** | D - आर. बालकृष्णन

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) ने प्रोफेसर अनंता चंद्रकासन को 1 जुलाई 2025 से नया प्रोवोस्ट नियुक्त किया है, जो इस पद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति बन गए है। चेन्नई मे जन्मे अनंता ने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले से पीएचडी की है और वर्तमान मे MIT के इंजीनियरिंग स्कूल के डीन है।



**148. साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025 किस संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है ?**

A - भारतीय भाषा परिषद | B - संस्कृति मंत्रालय

**C - साहित्य अकादमी** | D - राष्ट्रीय पुस्तक न्यास

साहित्य अकादमी ने युवा पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा की, जो 35 वर्ष से कम उम्र के लेखकों को उनकी रचनात्मकता के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार कविता, उपन्यास, लघु कथा, आलोचना, महाकाव्य और निबंध जैसी विधाओं मे योगदान के लिए मान्यता प्रदान करता है। 2025 मे 23 भाषाओं के लेखकों को सम्मानित किया गया, जिनमे कविता के लिए सर्वाधिक 8 पुरस्कार मिले।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**149. स्टारलिंक किस प्रसिद्ध उद्यमी की कंपनी स्पेसएक्स द्वारा संचालित की जाती है ?**

A - एलन मस्क
B - सुंदर पिचाई
C - मार्क जुकरबर्ग
D - टिम कुक

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को भारत मे स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए आधिकारिक लाइसेंस मिल गया है, जिसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। स्टारलिंक एक LEO आधारित ब्रॉडबैंड सेवा है जो हाई-स्पीड और लो-लेटेंसी इंटरनेट प्रदान करती है। यह सेवा जियो और एयरटेल के सहयोग से उपलब्ध कराई जाएगी—जियो इंस्टॉलेशन व कस्टमर सर्विस संभालेगा जबकि एयरटेल व्यापारिक विस्तार मे सहयोग करेगा।




**150. Google ने भारत मे अपना पहला गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (GSEC) कब लॉन्च किया ?**

A - 18 मई 2024
B - 18 जून 2025
C - 18 मार्च 2023
D - 18 जुलाई 2022

गूगल ने 18 जून 2025 को हैदराबाद, तेलंगाना मे Google Safety Engineering Center (GSEC), India का उद्घाटन किया, जो एशिया-प्रशांत का पहला और दुनिया का चौथा GSEC केंद्र है। इसका उद्देश्य ऑनलाइन फ्रॉड से सुरक्षा, साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती, जिम्मेदार AI विकास और डिजिटल ट्रस्ट को बढ़ावा देना है। एंड्रॉइड, Gmail, Google Pay और Search को AI और Gemini Nano जैसे टूल्स से अधिक सुरक्षित बनाया गया है।

**151. 'अचल' किस संगठन के लिए निर्मित फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV) है ?**

A - भारतीय नौसेना
B - सीमा सुरक्षा बल
C - भारतीय तटरक्षक बल
D - राष्ट्रीय आपदा मोचन बल

16 जून 2025 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा निर्मित पांचवां फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV) 'अचल' गोवा मे जलावतरण किया गया। यह भारतीय तटरक्षक बल के लिए बनाए जा रहे आठ FPVs की श्रृंखला का हिस्सा है। 52 मीटर लंबे और 320 टन वजनी इस पोत को American Bureau of Shipping और Indian Register of Shipping से प्रमाणन प्राप्त है।



**152. पहली T-TDF संगोष्ठी 2025 कहाँ आयोजित हो रही है ?**

A - IIT दिल्ली
B - IIT कानपुर
C - IIT मद्रास
D - DRDO मुख्यालय

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग और IIT मद्रास के सहयोग से 2025 मे पहली राष्ट्रीय T-TDF संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह DRDO की Technology Development Fund (T-TDF) योजना पर आधारित है, जिसका उद्देश्य स्टार्टअप्स, MSMEs, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों को रक्षा प्रणालियों के स्वदेशी विकास के लिए प्रोत्साहित करना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**153. भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार किस बीमारी के उपचार हेतु अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है ?**

A - क्षय रोग
B - कैसंर
C - सिकल सेल रोग
D - मलेरिया

भारत सरकार ने 19 जून 2025 को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर "भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार" की स्थापना की, जिसका उद्देश्य सिकल सेल रोग के लिए नई दवाओं के अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने AIIMS दिल्ली मे इंसकी घोषणा की। चयनित अनुसंधान प्रस्ताव को ₹10 करोड़ तक की सहायता दी जाएगी।



**154. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2025 किस तिथि को मनाया जा रहा है ?**

A - 21 जून
B - 22 जून
C - 23 जून
D - 24 जून

23 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से वैश्विक एकता, खेल भावना और मित्रता को बढ़ावा देना है। इसकी शुरुआत 1948 मे हुंई थी और यह Move, Learn, Discover जैसे तीन स्तंभों पर आधारित है। ओलंपिक डे रन 1987 से आयोजित हो रहा है, जो स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है।




**155. PGI 2.0 किस मंत्रालय द्वारा विकसित एक मूल्यांकन तंत्र है ?**

A - नीति आयोग
B - केद्रीय वित्त मंत्रालय
C - केद्रीय शिक्षा मंत्रालय
D - श्रम और रोजगार मंत्रालय

PGI 2.0 (Performance Grading Index) केद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित एक उन्नत मूल्यांकन तंत्र है, जो राज्यों व केद्रंशासित प्रदेशों की स्कूली शिक्षा व्यवस्था का आंकड़ों के आधार पर मूल्यांकन करता है। यह PGI के पहले संस्करण (2019) का परिष्कृत रूप है। इसका उद्देश्य नीति निर्माण को मजबूती देना, सुधार को प्रेरित करना और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है।



**156. क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट (QUB) के GIFT सिटी परिसर के पहले डीन के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?**

A - प्रो. एन. के. सिंह
B - प्रो. एम. सतीश कुमार
C - प्रो. अरुण शर्मा
D - प्रो. एस. वेकंटेश

ब्रिटेन की प्रतिष्ठित क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट (QUB) ने गुजरात की GIFT सिटी मे अपना पहला अंतरराष्ट्रीय परिसर स्थापित करने की घोषणा की है। यह भारत-यूके उच्च शिक्षा सहयोग और शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है। QUB, GIFT सिटी मे परिसर खोलने वाला पहला रसेल ग्रुप विश्वविद्यालय है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**157. ऊर्जा संक्रमण सूचकांक (ETI) 2025 मे भारत की रैकं क्या रही ?**

**A - 71वां** B - 63वां

C - 58वां D - 69वां

विश्व आर्थिक मंच (WEF) और एक्सेचंर द्वारा जारी वैश्विक ऊर्जा संक्रमण सूचकांक 2025 मे 118 देशों की ऊर्जा प्रणालियों का मूल्यांकन किया गया। सूचकांक ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और ऊर्जा समानता पर आधारित है, जिसमे राजनीतिक प्रतिबद्धता, वित्त, नवाचार और मानव संसाधन जैसे कारक भी शामिल है।



**158. हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का पहला संस्करण कहाँ आयोजित किया गया ?**

A - रांची B - लखनऊ

C - भोपाल **D - चेन्नई**

हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का पहला संस्करण 18 से 27 जून तक चेन्नई, तमिलनाडु मे आयोजित हो रहा है, जिसकी मेज़बानी तमिलनाडु हॉकी यूनिट कर रही है। यह टूर्नामेंट 40 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और 35 वर्ष से अधिक आयु की महिला खिलाड़ियों के लिए है। पुरुषों की 12 और महिलाओं की 8 टीमे भाग ले रही है।




**159. उम्मीद' पोर्टल किस तिथि को केद्रं सरकार द्वारा लॉन्च किया गया ?**

A - 1 जून 2025 B - 15 जून 2025

C - 10 मई 2025 **D - 6 जून 2025**

'UMMEED' पोर्टल (Unified Waqf Management, Empowerment, Efficiency, and Development) भारत सरकार द्वारा 6 जून 2025 को लॉन्च किया गया एक ऑनलाइन मंच है, जिसका संचालन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय कर रहा है। इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का पारदर्शी, डिजिटल और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को अनिवार्य बनाता है




**160. राष्ट्रपति मुर्मू ने देहरादून मे किन दो परिसरों का उद्घाटन किया ?**

A - राजमहल व राजभवन **B - राष्ट्रपति तपोवन व राष्ट्रपति निकेतन**

C - गार्डन टाइम्स व ग्रीन सदन D - उन्नति भवन व विकास निकेतन

जून 2025 मे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे के दौरान देहरादून मे कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने 'राष्ट्रपति तपोवन' (आध्यात्मिक केद्रं) और 'राष्ट्रपति निकेतन' (प्रशासनिक-सांस्कृतिक केद्रं) का उद्घाटन किया, जिनमे आगंतुक सुविधाएं भी शामिल है। तपोवन 24 जून से और निकेतन 1 जुलाई से आम जनता के लिए खुलेगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

161. संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?

A - 20 दिसंबर
B - 23 जून
C - 5 जुलाई
D - 12 मई

हर वर्ष 23 जून को संयुक्त राष्ट्र 'लोक सेवा दिवस' के रूप मे मनाता है, जिसे 2002 मे घोषित किया गया था और इसका समन्वय UNESC द्वारा किया जाता है। 2025 मे इसकी 23वीं वर्षगांठ थी, जिसकी थीम थी – "2030 तक के पाँच वर्ष: एक सतत भविष्य के लिए सार्वजनिक सेवा वितरण मे तेजी लाना।" इसका उद्देश्य SDGs की प्राप्ति हेतु नवाचार और दक्षता को बढ़ावा देना है।




162. शिवसुब्रमण्यम रमण ने हाल ही मे किस संगठन के अध्यक्ष का पदभार संभाला है ?

A - SEBI
B - RBI
C - PFRDA
D - IRDAI

20 जून 2025 को शिवसुब्रमण्यम रमण ने पेशंन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) के चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला। वे दीपक मोहंती का स्थान ले रहे है और उनका कार्यकाल 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक रहेगा। उन्हे ₹5,62,500 मासिक वेतन मिलेगा, बिना गाड़ी या आवास सुविधा के। रमण पूर्व मे SIDBI और NeSL के प्रमुख रह चुके है



163. शिवसुब्रमण्यम रमण ने हाल ही मे किस संगठन के अध्यक्ष का पदभार संभाला है ?

A - SEBI
B - RBI
C - PFRDA
D - IRDAI

20 जून 2025 को शिवसुब्रमण्यम रमण ने पेशंन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) के चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला। वे दीपक मोहंती का स्थान ले रहे है और उनका कार्यकाल 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक रहेगा। उन्हे ₹5,62,500 मासिक वेतन मिलेगा, बिना गाड़ी या आवास सुविधा के। रमण पूर्व मे SIDBI और NeSL के प्रमुख रह चुके है



164. "बदलता भारत मेरा अनुभव" अभियान किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है ?

A - शिक्षा मंत्रालय
B - सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
C - संस्कृति मंत्रालय
D - विदेश मंत्रालय

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने MyGov के साथ मिलकर एक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य बीते 11 वर्षों मे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे हुए विकास को रचनात्मक रूप मे प्रस्तुत करना है। इस अभियान के तहत नागरिकों के लिए इंस्टाग्राम रील, यूट्यूब शॉर्ट्स, शॉर्ट ऑडियो-विजुअल, ब्लॉग लेखन और क्विज़ जैसी पांच प्रतियोगिताएं रखी गई है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**165. ‘जेडंर बजटिंग नॉलेज हब’ पोर्टल का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ?**

A - स्मृति ईरानी
B - नितिन गडकरी
C - निर्मला सीतारमण
D - अन्नपूर्णा देवी

19 जून 2025 को केद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ‘जेडंर बजटिंग नॉलेज हब’ पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है और इसका उद्देश्य नीति निर्माण मे लैगिंक समानता और जेडंर बजटिंग को मजबूती देना है।




**166. NABARD की हरित ऋण सुविधा (Green Lending Facility) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 मे कितने करोड़ रुपए ऋण देने की योजना बनाई गई है ?**

A - ₹10,000 करोड़
B - ₹7,500 करोड़
C - ₹5,000 करोड़
D - ₹15,000 करोड़

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैकं (NABARD) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ₹10,000 करोड़ की हरित ऋण सुविधा शुरू करने की योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) से जुड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देना है। इस सुविधा के तहत सरकारी व निजी संस्थाएं ऋण प्राप्त कर सकेगी, जिसमे न्यूनतम राशि ₹100 करोड़ होगी।

NATIONAL BANK FOR AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT

**167. कार्लोस अल्काराज ने HSBC चैपिंयनशिप 2025 के फाइनल मे किस खिलाड़ी को हराया ?**

A - जाननिक सिनर
B - होल्गर रूण
C - नोवाक जोकोविच
D - जीरी लेहेका

स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने 23 जून 2025 को क्वीन क्लब चैपिंयनशिप का खिताब जीत लिया, जहां उन्होंने फाइनल मे चेक खिलाड़ी जीरी लेहेका को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराया। यह उनका इस टूर्नामेटं मे दूसरा और 2025 मे पांचवां टूर-लेवल खिताब है। घास कोर्ट पर यह उनकी लगातार 18वीं जीत रही। इस साल उन्होंने इंडियन वेल्स और मैड्रिड जैसे बड़े टूर्नामेटं भी जीते है



**168. विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किस देश मे किया जाएगा ?**

A - चीन
B - जापान
C - भारत
D - ब्राजील

20 जून 2025 को नई दिल्ली मे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 का लोगो और शुभंकर ‘विराज’ लॉन्च किया गया। यह पहली बार है जब भारत इस वैश्विक पैरा खेल प्रतियोगिता की मेज़बानी कर रहा है। चैम्पियनशिप 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मे आयोजित होगी, जिसमे 100 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा लेगें और 186 स्पर्धाएं होंगी।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**169. NBA 2025 फाइनल मे ओक्लाहोमा सिटी थंडर ने किस टीम को हराकर खिताब जीता ?**



A - लॉस एंजेलेस लेकर्स
B - इंडियाना पेसर्स
C - मियामी हीट
D - गोल्डन स्टेट वॉरियर्स

22 जून 2025 को ओक्लाहोमा सिटी थंडर ने इंडियाना पेसर्स को 103–91 से हराकर NBA चैंपियनशिप जीत ली। यह 2008 मे सिएटल से स्थानांतरण के बाद टीम का पहला और फ्रेंचाइज़ी का दूसरा खिताब है। निर्णायक गेम 7 मे थंडर ने तीसरे क्वार्टर मे 34–20 की बढ़त लेकर मैच पर नियंत्रण पाया। शाई गिलजियस-अलेक्जेंडर ने 29 अंक और 12 असिस्ट के साथ फाइनल्स MVP का खिताब जीता।

**170. 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' किस देश द्वारा शुरू किया गया एक सैन्य अभियान है ?**




A - इज़राइल
B - रूस
C - अमेरिका
D - चीन

22 जून 2025 को अमेरिका ने 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान के फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान स्थित प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हवाई हमला किया। बी-2 स्पिरिट बमवर्षकों और टोमहॉक क्रूज़ मिसाइलों से किए गए इस हमले मे पहली बार GBU-57/बी बंकर बस्टर बम का उपयोग हुआ, जो बेहद मजबूत संरचनाओं को भेदने मे सक्षम है।

**171. डिजिटल पेमेंट्स अवॉर्ड 2024–25 से किस संस्था को सम्मानित किया गया ?**




A - भारतीय स्टेट बैकं
B - इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैकं (IPPB)
C - भारतीय रिजर्व बैकं
D - NPCI

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैकं (IPPB) को वित्तीय सेवा विभाग (DFS) द्वारा डिजिटल पेमेंट्स अवॉर्ड 2024–25 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान IPPB को DFS के प्रदर्शन सूचकांक मे सभी भुगतान बैकों मे शीर्ष स्थान पाने और FY 2023–24 मे विशेष उल्लेख के लिए मिला। पुरस्कार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने IPPB के अधिकारियों को प्रदान किया।

**172. NACH 3.0 किस संगठन द्वारा विकसित किया गया है ?**




A - भारतीय रिज़र्व बैकं
B - सेबी
C - भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)
D - नीति आयोग

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने 6 जून 2025 को घोषणा की कि जुलाई के पहले सप्ताह से NACH 3.0 लागू होगा। यह डिजिटल भुगतान प्रणाली मे एंक बड़ा तकनीकी और संरचनात्मक सुधार है, जो आवर्ती भुगतानों को और अधिक तेज़, सुरक्षित और पारदर्शी बनाएगा। NACH यानी National Automated Clearing House एक केद्रीकृत मंच है

VISIT OUR WEBSITE
Todaysprint.com

**173. महिला ! जीवन ! स्वतंत्रता !" आंदोलन पर आधारित पुस्तक की लेखिका कौन है ?**

A - सिमोन द बौवुआ
B - नर्गेस मोहम्मदी
C - नासरीन सुतौदेह
D - चौरा मकारेमी

चौरा मकरमी की पुस्तक "महिला ! जीवन ! स्वतंत्रता !" 2022 मे ईरान मे महसा अमिनी की मौत के बाद शुरू हुए महिला आंदोलन की गूंज को दस्तावेज़ करती है। यह पुस्तक केवल एक घटना नहीं बल्कि महिलाओं की गरिमा, पहचान और आज़ादी की वैश्विक लड़ाई की आवाज़ है। महसा की हिरासत मे मौत के बाद महिलाओं ने हिजाब कानून, राज्य दमन और लिंग भेदभाव के खिलाफ व्यापक विरोध किया।



**174. भारत के किस तेज गेदंबाज ने SENA देशों मे 150 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया ?**

A - मोहम्मद शमी
B - इशांत शर्मा
C - जसप्रीत बुमराह
D - कपिल देव

जसप्रीत बुमराह ने जून 2025 मे इंग्लैडं के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट मे 5 विकेट लेकर SENA देशों—दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैडं, न्यूज़ीलैडं और ऑस्ट्रेलिया—मे 150 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले एशियाई गेदंबाज बनने का इतिहास रच दिया। SENA देशों की चुनौतीपूर्ण पिचों पर यह उपलब्धि उनकी तकनीकी दक्षता और मानसिक मजबूती को दर्शाती है।




**175. अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

A - 25 जून
B - 5 जून
C - 17 जुलाई
D - 20 मई

25 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस "हमारा महासागर, हमारा दायित्व, हमारा अवसर" थीम के साथ मनाया गया। यह दिवस समुद्री पेशेवरों की भूमिका और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मे नाविकों के योगदान को मान्यता देना और उनकी कठिन कार्य स्थितियों, मानसिक स्वास्थ्य व सामाजिक अलगाव पर जागरूकता फैलाना है।




**176. 51वां G-7 शिखर सम्मेलन 2025 किस देश मे आयोजित किया गया ?**

A - फ्रांस
B - इटली
C - जापान
D - कनाडा

17 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने कनाडा के कनानास्किस मे आयोजित 51वे G-7 शिखर सम्मेलन मे एंक आउटरीच देश के रूप मे भाग लिया। यह सम्मेलन वैश्विक आर्थिक, पर्यावरणीय और सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग का प्रमुख मंच रहा। भारत की भागीदारी ने ऊर्जा, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र मे उंसकी सक्रिय भूमिका को दर्शाया।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

177. 'नव्या योजना' को किस मिशन के तहत शुरू किया गया है ?

A - बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
B - आत्मनिर्भर भारत
C - विकसित भारत@2047
D - स्टार्टअप इंडिया

सरकार ने किशोरियों को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों मे प्रशिक्षण देने के लिए 'नव्या योजना' नामक एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है। यह योजना विकसित भारत@2047 मिशन के तहत महिला-नेतृत्व वाले समावेशी विकास एजेंडे का हिस्सा है। इसका उद्देश्य 16–18 वर्ष की 10वीं पास किशोरियों को तकनीकी, डिजिटल और सेवा क्षेत्र मे कौशल प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाना है।



178. भारत ने एशिया पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 मे कुल कितने पदक जीते ?

A - 13
B - 21
C - 27
D - 17

भारत ने 17 से 22 जून 2025 तक थाईलैंड मे आयोजित एशिया पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप मे अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 पदक जीतकर पदक तालिका मे पहला स्थान प्राप्त किया। यह 2016 के बीजिंग संस्करण मे जीते गए 13 पदकों से दोगुना से अधिक है। बैडमिंटन विश्व महासंघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों को उनकी विकलांगता के आधार पर छह वर्गों मे बाँटा गया था।



179. भारत मे 'संविधान हत्या दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है ?

A - 26 जनवरी
B - 15 अगस्त
C - 25 जून
D - 30 जून

25 जून को भारत मे 'संविधान हत्या दिवस' के रूप मे याद किया जाता है, जो 1975 मे लगाए गए आपातकाल की ऐतिहासिक घटना से जुड़ा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अनुशंसा पर राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की घोषणा की थी, जो मार्च 1977 तक चला।




180. ऑपरेशन बशायर अल-फ़तह किस देश द्वारा शुरू किया गया ? ?

A - इज़रायल
B - अमेरिका
C - रूस
D - ईरान

ईरान ने 'ऑपरेशन बशायर अल-फ़तह' शुरू किया, जो अमेरिका के 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के जवाब मे किया गया सैन्य अभियान है। इसमे ईरान की IRGC ने कतर स्थित अमेरिका के अल-उदीद एयर बेस पर मिसाइल हमला किया। ईरान ने इसे अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी बताया और अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

181. प्राक्कलन समितियों का राष्ट्रीय सम्मेलन किस शहर मे आयोजित किया गया ?

A - नई दिल्ली　　B - जयपुर

C - भोपाल　　D - मुंबई

23 जून 2025 को महाराष्ट्र विधान भवन, मुंबई मे संसद और राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की प्राक्कलन समितियों का राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। यह लोकसभा की प्राक्कलन समिति की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। मुख्य विषय था : "बजट अनुमानों की निगरानी मे प्रांक्कलन समिति की भूमिका"।



182. "नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस" किस दिन मनाया जाता है ?

A - 21 जून　　B - 26 जून

C - 1 जुलाई　　D - 15 अगस्त

हर वर्ष 26 जून को 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम है – "बाधाओं को तोड़ना : सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति"। इस दिवस की शुरुआत 1987 मे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी और इसकी तिथि 1839 मे चीन की अफीम विरोधी कार्रवाई की स्मृति मे तय की गई।




183. प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी की 47वीं बैठक कहाँ आयोजित हुई ?

A - संसद भवन, नई दिल्ली　　B - इंडिया गेट, नई दिल्ली

C - तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली　　D - राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

23 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की अध्यक्षता मे तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी की 47वीं वार्षिक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक संग्रहालयों की भूमिका, डिजिटलीकरण, और सांस्कृतिक संरक्षण पर केद्रिंत रही। बैठक मे भारत का संग्रहालय मानचित्र और राष्ट्रीय संग्रहालय डाटाबेस बनाने की घोषणा की गई।



184. दक्षिण कोरिया मे 64 वर्षों मे पहले असैन्य रक्षा मंत्री के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?

A - चो ह्यून　　B - किम योंग-ह्युन

C - चुंग डोंग-यंग　　D - आन ग्यू-बैक

4 जून 2025 को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली ने पदभार ग्रहण करने के बाद नई असैनिक कैबिनेट का गठन किया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति यूं सुक-योल द्वारा लगाए गए मार्शल लॉ और संवैधानिक संकट के बाद उठाया गया, जिसके कारण उन्हे महाभियोग झेलना पड़ा। आन ग्यू-बैक को 1961 के बाद पहले गैर-सैन्य रक्षा मंत्री के रूप मे नियुक्त किया गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**185. लालित कुमार उपाध्याय ने किस देश के खिलाफ मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की ?**

A - ऑस्ट्रेलिया
B - जर्मनी
C - बेल्जियम
D - नीदरलैंड

22 जून 2025 को बेल्जियम पर 4-3 की जीत के बाद भारत के हॉकी स्टार लालित कुमार उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की। वाराणसी मे जंन्मे लालित ने 179+ मैचों मे 40+ गोल किए और टोक्यो 2020 व पेरिस 2024 ओलंपिक मे कांस्य पदक जीता। वे एशिया कप व एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी मे स्वर्ण पदक विजेता रहे।




**186. NASA के इंटरनेशनल एयर एंड स्पेस प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनीं ?**

A - कल्पना चावला
B - रितु करिधल
C - डांगेटी जाह्नवी
D - टेसल मिश्रा

डांगेटी जाह्नवी, आंध्र प्रदेश के पालकोल्लु की निवासी, NASA के इंटरनेशनल एयर एंड स्पेस प्रोग्राम को पूरा करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्हे 2029 के “टाइटन ऑर्बिटल पोर्ट स्पेस स्टेशन” मिशन के लिए चुना गया है। उन्होंने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से ECE की पढ़ाई की और STEM शिक्षा को बढ़ावा देती है।



**187. हाल ही मे किसे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) का पहला महिला और अफ्रीकी अध्यक्ष नियुक्त किया गया ?**

A - नीता अंबानी
B - जैक्स रोग
C - थॉमस बाख
D - किर्स्टी कोवेंट्री

23 जून 2025 को किर्स्टी कोवेंट्री ने IOC (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) की पहली महिला और पहली अफ्रीकी अध्यक्ष के रूप मे पदभार ग्रहण किया। यह समारोह स्विट्ज़रलैंड के लॉज़ेन मे IOC की 131वीं वर्षगांठ पर हुआ। ज़िम्बाब्वे की ओलंपिक स्वर्ण विजेता और पूर्व खेल मंत्री कोवेंट्री ने थॉमस बाख से प्रतीकात्मक ओलंपिक कुंजी प्राप्त की। उन्होंने पारदर्शिता, सहयोग और समावेशी नेतृत्व पर बल दिया।



**188. 'विद्या शक्ति' योजना किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है ?**

A - कर्नाटक
B - तेलंगाना
C - आंध्र प्रदेश
D - तमिलनाडु

आंध्र प्रदेश सरकार ने 'विद्या शक्ति' नामक एक ऑनलाइन सुधारात्मक शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों मे धीमे सीखने वाले छात्रों की शैक्षणिक प्रगति मे सुधार लाना है। यह योजना तकनीक आधारित शिक्षण, अतिरिक्त कक्षाओं और प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से संचालित की जा रही है।

विद्या शक्ति

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

189. शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे परियोजना किस राज्य की एक महत्त्वाकांक्षी अधोसंरचना योजना है ?



A - मध्य प्रदेश
B - महाराष्ट्र
C - गुजरात
D - उत्तर प्रदेश

महाराष्ट्र सरकार ने शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे परियोजना को मंजूरी दी है, जो नागपुर से गोवा सीमा तक 802 किलोमीटर लंबा होगा। इसका उद्देश्य धार्मिक स्थलों को जोड़ना, यात्रा समय कम करना और क्षेत्रीय पर्यटन व आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इससे नागपुर से गोवा की यात्रा 18 घंटे से घटकर 8 घंटे मे पूरी की जा सकेगी।

190. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024 की मेज़बानी किस राज्य को सौंपी गई है ?




A - उत्तर प्रदेश
B - कर्नाटक
C - ओडिशा
D - राजस्थान

25 जून 2025 को केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने घोषणा की कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024 की मेज़बानी राजस्थान करेगा। यह आयोजन नवंबर 2025 मे जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय और पूर्णिमा विश्वविद्यालय मे होगा। यह पहली बार है जब राजस्थान इस खेल प्रतियोगिता की मेज़बानी करेगा।

191. भारत की पहली क्वांटम कंप्यूटिंग वैली किस स्थान पर स्थापित की जा रही है ?



A - अमरावती
B - पुणे
C - बेंगलुरु
D - हैदराबाद

25 जून 2025 को विजयवाड़ा मे आंध्र प्रदेश ITE\&C सचिव कटमनेनी भास्कर ने भारत की पहली क्वांटम कंप्यूटिंग वैली की स्थापना की घोषणा की, जो जनवरी 2026 तक अमरावती मे तैयार होगी। यह राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत नवाचार, स्टार्टअप्स, शोध और उद्योग के लिए क्वांटम समाधान विकसित करने का केंद्र बनेगा। टेक पार्क के माध्यम से युवाओं को क्वांटम टेक्नोलॉजी मे प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमे रतन टाटा इनोवेशन हब की साझेदारी होगी।

192. 'The Emergency Diaries' पुस्तक का विमोचन किसके द्वारा किया गया ?




A - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
B - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
C - केंद्रीय शिक्षा मंत्री
D - केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

25 जून 2025 को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुस्तक “The Emergency Diaries” का विमोचन किया। यह पुस्तक 1975-77 के आपातकाल की घटनाओं और नरेंद्र मोदी की भूमिगत भूमिका को दर्शाती है। इसमे उनके सहयोगियों के संस्मरणों और अभिलेखीय सामग्री के माध्यम से तानाशाही, नागरिक स्वतंत्रता के हनन, प्रेस सेसंरशिप और राजनीतिक दमन का वर्णन है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

193. नीरज चोपड़ा ने हाल ही मे कौन-सी प्रतियोगिता मे पंहली बार भाग लेते हुए खिताब जीता ?

A - डायमंड लीग फाइनल

B - ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक मीट

C - विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

D - एशियन गेम्स ट्रायल

25 जून 2025 को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा मे आयोजित गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता मे नीरज चोपड़ा ने पहली बार भाग लेते हुए 85.29 मीटर की भाला फेंककर खिताब जीता। कुल 9 खिलाड़ियों मे उन्होंने डौव स्मिट (84.12 मीटर) और एंडरसन पीटर्स (83.63 मीटर) को पछाड़ा। उनकी निर्णायक थ्रो तीसरे प्रयास मे रही, जबकि पहले और अंतिम प्रयास फाउल थे। यह 2025 मे उनकी दूसरी बड़ी जीत है



194. ECoR Yatra मोबाइल ऐप किस संस्था द्वारा लॉन्च किया गया है ?

A - सेंट्रल रेलवे

B - नॉर्दर्न रेलवे

C - ईस्ट कोस्ट रेलवे (ECoR)

D - दक्षिण मध्य रेलवे

रथ यात्रा 2025 के अवसर पर ईस्ट कोस्ट रेलवे ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 'ECoR Yatra' मोबाइल ऐप लॉन्च किया है, जो जून 2025 मे Google Play Store पर उपलब्ध हुआ। यह ऐप रीयल-टाइम ट्रेन स्टेटस, विशेष ट्रेनों की जानकारी, रिटायरिंग रूम, टूरिस्ट हट्स और अस्थायी ठहराव से संबंधित विवरण प्रदान करता है। यह मल्टी-लैंग्वेज इंटरफेस और यूज़र फ्रेंडली डिज़ाइन से सुसज्जित है और NTES, UTS on Mobile व IRCTC से जुड़ा है।




195. हाल ही मे AIIB (एशियाई अवसंरचना निवेश बैकं) की अगली अध्यक्ष कौन नियुक्त हुई है ?

A - चेन यी

B - ज़ोउ जियायी

C - जिन लिकुन

D - ली झाओ

24 जून 2025 को एशियाई अवसंरचना निवेश बैकं (AIIB) की 10वीं वार्षिक बैठक मे ज़ोउ जियायी को नई अध्यक्ष के रूप मे नियुक्त किया गया। वे 16 जनवरी 2026 को पदभार ग्रहण करेगी और AIIB की पहली महिला अध्यक्ष बनने की संभावना है। ज़ोउ चीन की पूर्व उप वित्त मंत्री रह चुकी है



196. भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के किस जिले मे ₹417 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (EMC 2.0) स्थापित करने की मंजूरी दी है ?

A - लखनऊ

B - कानपुर

C - गौतम बुद्ध नगर

D - आगरा

भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर मे ₹417 करोड़ की लागत से एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (EMC 2.0) स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण विकसित करेगा। EMC 2.0 योजना, वर्ष 2020 मे शुरू की गई थी और यह 2012 की EMC योजना का उन्नत रूप है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**197. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) की 198वीं बोर्ड बैठक कहाँ आयोजित की गई थी ?**

A - मुंबई
B - कोलकाता
C - दिल्ली
D - नोएडा

दिल्ली मे आयोजित IWAI की 198वीं बोर्ड बैठक मे जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। असम के सिलघाट, बिश्वनाथ घाट, गुइजान और नेमाटी मे जेटी निर्माण को मंजूरी मिली, जिससे पर्यटन और व्यापार को लाभ होगा। डिब्रूगढ़ के बोगीबील मे 5,396 वार्षिक क्षमता वाले क्षेत्रीय उत्कृष्टता केद्रं की स्थापना की जाएगी।




**198. 24 जून 2025 को किसे UGRO कैपिटल का नया CEO नियुक्त किया गया ?**

A - शाचिंद्र नाथ
B - अनुज पांडे
C - राजीव मेहरा
D - अमित अग्रवाल

24 जून 2025 को UGRO कैपिटल ने अनुज पांडे को नया CEO नियुक्त किया है, जो पहले कंपनी मे मुख्य जोखिम अधिकारी और संस्थापक टीम के सदस्य थे। यह नियुक्ति कंपनी की संचालन क्षमता, क्रेडिट गवर्नेंसं और जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने की रणनीति के तहत की गई है। UGRO कैपिटल एक मुंबई आधारित NBFC है जो MSME सेक्टर को वित्तीय सहायता प्रदान करता है



**199. केरल साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास पुरस्कार किस लेखक को प्रदान किया गया ?**

A - वी. शिनिलाल
B - अनिता थंपी
C - जी. आर. इंदुगोपन
D - एम. स्वराज

26 जून 2025 को केरल साहित्य अकादमी ने 2024 के वार्षिक साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा की, जो मलयालम लेखकों के उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान को सम्मानित करने वाला एक प्रतिष्ठित आयोजन है। जी. आर. इंदुगोपन को उनके उपन्यास "आणो" के लिए सर्वश्रेष्ठ उपन्यास पुरस्कार मिला, अनिता थंपी को कविता "मुरिंगा वाझा करिवेप्पु" और वी. शिनिलाल को लघु कहानी "गारीसप्पा अरुवि अथवा ओरु जलयात्रा" के लिए सम्मानित किया गया।




**200. भारत मे रांष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस किस दिन मनाया जाता है ?**

A - 28 जून
B - 30 जून
C - 29 जून
D - 27 जून

भारत मे रांष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस हर वर्ष 29 जून को आधुनिक भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की स्मृति मे मनाया जाता है। वर्ष 2025 मे यह दिवस रविवार को मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य नीति निर्माण मे सांख्यिकी की भूमिका को उजागर करना, डेटा आधारित निर्णयों के महत्व को समझाना और युवाओं को इस क्षेत्र मे करियर के लिए प्रेरित करना है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**201. सागरमाला फाइनेसं कॉरपोरेशन लिमिटेड (SMFCL) का उद्घाटन किस केद्रीय मंत्री ने किया ?**

A - नितिन गडकरी
B - अश्विनी वैष्णव
C - सर्बानंद सोनोवाल
D - धर्मेद्रं प्रधान

भारत के समुद्री क्षेत्र मे निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए केद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सागरमाला फाइनेसं कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया, जो देश की पहली समुद्री क्षेत्र पर केद्रित NBFC है। यह पहल मैरिटाइम अमृत काल विज़न 2047 और विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के तहत की गई है।



**202. दूसरी एशियाई स्क्वैश युगल चैपिंयनशिप 2025 का आयोजन किस देश मे हुंआ ?**

A - भारत
B - मलेशिया
C - चीन
D - सिंगापुर

भारत ने 23 से 26 जून 2025 के बीच मलेशिया के कुचिंग मे आयोजित दूसरी एशियाई स्क्वैश युगल चैपिंयनशिप मे महिला, पुरुष और मिश्रित तीनों वर्गों मे स्वर्ण पदक जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। यह पहली बार हुआ जब भारत ने सभी वर्गों मे खिताब जीते। महिला युगल मे अंनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा ने मलेशिया की जोड़ी को हराकर पहली भारतीय महिला विजेता जोड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया।




**203. अंतर्राष्ट्रीय उष्णकटिबंधीय दिवस हर वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?**

A - 5 जून
B - 29 जून
C - 11 जुलाई
D - 21 मार्च

29 जून को हर साल अंतर्राष्ट्रीय उष्णकटिबंधीय दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2016 मे की थी और पहली बार 2017 मे मनाया गया। यह दिवस 2014 की "State of the Tropics Report" से प्रेरित है और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की जैविक और सांस्कृतिक विविधता के साथ उनकी सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केद्रित है

